


दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार–पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष–21 अंक–271 सीहोर, शुक्रवार 20 दिसम्बर 2024 पृष्ठ–8 मूल्य –1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


# संसद परिसर धक्का-मुक्की मामले ने पकड़ा तूल, भाजपा-कांग्रेस में आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी

## घायल सांसद को देखने अस्पताल पहुंचे भाजपा नेता



नई दिल्ली,(ए)। संसद परिसर में गुरुवार हुई धक्का–मुक्की की घटना ने सियासी माहौल गरमा दिया है। कांग्रेस सांसदों ने इस मामले में लोकसभा स्पीकर से शिकायत की है, जिसमें आरोप लगाया गया है कि बीजेपी सांसदों ने संसद में प्रवेश करने से रोकने राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस सांसदों से धक्का–मुक्की की। वहीं दूसरी तरफ नेतागण धक्का–मुक्की कांड में घायल हुए भाजपा सांसदों को देखने अस्पताल पहुंच रहे हैं।

घटना में घायल हुए बीजेपी सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बीजेपी नेताओं ने इस घटना को लेकर कांग्रेस पर तीखे हमले किए हैं। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा है, कि राहुल गांधी सामंतवादी रवैया अपनाते हैं। यह संसद है, उनकी जागीर नहीं।

अस्पताल में नेताओं का जमावड़ा

घटना के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रह्लाद जोशी, और पीयूष गोयल समेत अन्य मंत्री अस्पताल पहुंचे हैं और प्रताप सारंगी का हालचाल लिया है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने बताया, कि प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें आईसीयू में रखा गया है। डॉक्टरों की टीम उनकी स्थिति पर लगातार नजर रख रही है।

रिजिजू बोले– संसद मंदिर है अखाड़ा नहीं

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने राहुल गांधी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा है, कि संसद लोकतंत्र का मंदिर है, कुश्ती या कराटे का अखाड़ा नहीं। राहुल गांधी ने शारीरिक ताकत का प्रदर्शन कर लोकतंत्र का अपमान किया है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे विरोध प्रदर्शन को भी अनुशासनहीनता करार दिया है।


### दिल्ली पुलिस ने राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज किया मामला, इन धाराओं में केस हुआ दाखिल

नई दिल्ली (ए.)। संसद भवन परिसर में धक्कामुक्की मामले में राहुल गांधी के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। वहीं कांग्रेस द्वारा की गई शिकायत पर पुलिस अभी विचार कर रही है। यह मामला भाजपा की सांसद बांसुरी स्वराज, हेमंग जोशी और अनुराग ठाकुर की शिकायत पर संसद मार्ग थाने में दर्ज किया गया है। बता दें कि बाबासाहेब आंबेडकर से जुड़े मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सांसदों ने गुरुवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान उनके बीच धक्का–मुक्की भी हुई।

संसद मार्ग पुलिस स्टेशन में बीएनएस की धारा 117 (स्वेच्छा से गंभीर चोट पहुंचाना), 115 (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 125 (दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने का कार्य), 131 (आपराधिक बल का प्रयोग), 351 (आपराधिक धमकी) और 3(5) (सामान्य इरादा) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई।

**क्या है राहुल गांधी के ऊपर आरोप?**

भाजपा का आरोप है कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने धक्कामुक्की की, जिस वजह से उसके बुजुर्ग सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हुए। सारंगी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। दूसरी तरफ राहुल गांधी ने दावा किया कि भाजपा सांसदों ने उन्हें और अन्य विपक्षी सदस्यों को संसद भवन में जाने से रोका और धक्का–मुक्की की।



नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में विरोध प्रदर्शन के दौरान भाजपा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी घायल हो गए।

### >>> रोजगार देने वाले कोर्स प्रारंभ करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध

# छात्र शक्ति में ही राष्ट्र भक्ति समाहित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव




भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि छात्र शक्ति में ही राष्ट्र भक्ति समाहित होती है। विद्यार्थी अपने जीवन में शिक्षा और व्यावहारिक ज्ञान के साथ निरंतर आगे बढ़े और चिंतन–मनन के साथ अपने कर्तव्य पथ पर अग्रसर हों। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने गुरूवार को तात्या टोपे नगर गुना में आयोजित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद मध्य भारत के 57वां प्रांतीय अधिवेशन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यनमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुना में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित होकर अद्भुत आनंद की अनुभूति हुई है। विद्यार्थी जीवन भविष्य को तय करता है। विद्यार्थियों को किताबी ज्ञान के साथ व्यावहारिक ज्ञान से परिपूर्ण होना चाहिए। हम सभी को राष्ट्र वादी विचारधारा के साथ समाज को एक नयी दिशा प्रदान करने का दायित्व निभाना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि भगवान श्रीकृष्ण को आदर्श मानकर उनके बताये मार्ग पर आगे बढे और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करें। विद्यार्थियों की शक्ति से ही भारत में लोकतंत्र की नींव मजबूत हुई है। मताधिकार 18 वर्ष के युवाओं को प्राप्त हुआ है। शिक्षा व्यवस्था के व्यापारीकरण को समाप्त किया गया। साथ ही शिक्षा में सुधार के लिये आवश्यकतानुसार बदलाव किया जा रहा हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहाकि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हमारे प्राचीन आदर्शों को सहेजने तथा संस्कृति को अक्षुण्ण बनाये रखने के सराहनीय प्रयास किये गये है। उन्होंने शिक्षा की महत्ता को देश में स्थापित किया हैं। साथ ही नयी शिक्षा नीति तथा प्राचीन संस्कृति को सहेजने के लिये आवश्यक कदम उठाये हैं। मुख्यामंत्री डॉ. यादव ने कहा कि गुना जिले को तात्या टोपे विश्वविद्यालय की सौगात मिलने से विद्यार्थियों के जीवन में शिक्षा के प्रति आगे बढ़ाने के रास्ते आसान होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 55 एक्सीलेंस कॉलेज प्रारंभ किये गये हैं।

साथ ही कृषि संकाय की पढ़ाई प्रारंभ करवाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कॉलेजों में रोजगार देने वाले कोर्स प्रारंभ करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध हैं। प्रदेश में 15 वर्ष में 30 मेडिकल कॉलेज प्रारंभ किये गये। इन कॉलेजों में 5 हजार बच्चों की सीटें सुरक्षित रखी गई। आने वाले समय में 52 मेडिकल कॉलेजों में 10 हजार युवाओं को लाभ दिलाये जाने की योजना पर सरकार कार्य कर रही हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में एक–एक इंच सिंचाई के लिये सरकार कार्य कर रही है। पार्वती–कालीसिंध–चंबल और केन–बेतवा नदी जोड़ों परियोजना से सिंचाई के लिये पानी उपलब्ध करवाया जायेगा। इन परियोजना का भूमि–पूजन शीघ्र ही प्रधानमंत्री श्री मोदी करेंगे। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये संभाग स्तर पर रीजनल इण्डस्ट्रीज कॉन्क्लेव का आयोजन कर उद्योगों के लिये उद्योगपतियों से निरंतर बातचीत हो रही हैं। उद्योगों की स्थापना के लिये सरकार हरसंभव मदद करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के साथ संवाद स्थापित कर प्रदेश का विकास के पथ पर आगे ले जाने के लिये कार्य करेगी।

### डॉ. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय महू का छठवां दीक्षांत समारोह शुक्रवार को, मुख्यमंत्री डॉ. यादव होंगे शामिल

भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव महू में डॉ. बी.आर. अम्बेडकर सामाजिक विज्ञान विश्वविद्यालय के 6वें दीक्षांत समारोह में 20 दिसम्बर को सुबह 11:45 बजे शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव भारतीय संविधान के शिल्पकार युग पुरूष डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर को नमन करेंगे। साथ ही दीक्षांत समारोह में कुलगुरू, गुरूजन, अन्वेषक गण और विषय विशेषज्ञ का अभिवादन भी करेंगे। दीक्षांत समारोह में संस्थान के 16 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जायेगी। अम्डेकर विश्वविद्यालय के द्वारा विगत 5 वर्षों में 100 से अधिक शोधार्थियों ने पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। दीक्षांत समारोह का अर्थ है– शिक्षण काल की पूर्णता: सेवा काल का आरंभ। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार को ही इंदौर में खजराना भक्त निवास भवन का भी उदघाटन करेंगे। वे ओमनी स्कूल वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में भी शामिल होंगे।

### भाजपा सांसदों ने हमें संसद भवन में जाने से रोका, धमकाया : राहुल



नई दिल्ली (ए)। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के धक्का–मुक्की के आरोपों को खारिज करते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि सत्तापक्ष के सदस्यों ने विपक्षी सांसदों को संसद भवन में जाने से रोका और धमकी दी। उन्होंने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, मैं संसद के अंदर जाने की कोशिश कर रहा था। लेकिन भाजपा के सांसद मुझे रोकने की कोशिश कर रहे थे, धक्का दे रहे थे और धमका रहे थे। राहुल गांधी ने दावा किया कि विपक्षी नेताओं के साथ धक्का–मुक्की की गई, लेकिन इससे उन्हें फर्क नहीं पड़ता। कांग्रेस नेता ने कहा, यह संसद है और अंदर जाना हमारा अधिकार है। अक्सर सफेद रंग टी–शर्ट पहनने वाले राहुल गांधी बृहस्पतिवार को नीले रंग की टी–शर्ट पहनकर संसद पहुंचे। उन्होंने कहा कि मुख्य मुद्दा यह है कि संविधान और बाबासाहेब की स्मृति का अपमान हुआ है। भाजपा ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने धक्का–मुक्की की, जिसके कारण उसके सांसद प्रताप सारंगी गिर गए और उनके सिर में चोट लग गई।

### नेहरू ने अंबेडकर से सिर्फ नफरत की, कांग्रेस को अब झूठ बोलना बंद करना चाहिए : जेपी नड्डा

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने गुरुवार को बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर पर जारी राजनीति के बीच कांग्रेस पर पलटवार किया।

उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर कहा, कल से, सत्य, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय में विश्वास करने वाले सभी लोगों द्वारा कांग्रेस और उसके सड़े हुए इकोसिस्टम को बेनकाब किया गया है। इसलिए, मैंने डॉ. अम्बेडकर के प्रति कांग्रेस की गहरी नफरत को दर्शाने के लिए कुछ तथ्य साझा करने के बारे में सोचा।

### पहले युवती ने मंगेतर को किया वीडियो कॉल, फिर फंदे से लटक कर दे दी जान, जानिए सुसाइड की खौफनाक कहानी

ग्वालियर (आरएनएस)। मध्य प्रदेश के ग्वालियर में एक 22 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. सुसाइड करने से पहले युवती अपने मंगेतर को वीडियो कॉल किया और फिर फांसी का फंदा गले में डाल लिया. इसके बाद मंगेतर ने तत्काल मामले की जानकारी युवती के चचेरे भाई को दी. जब तक चचेरा भाई पहुंचता, तक तक उसकी मौत हो चुकी थी. परिजनों का आरोप है कि मंगेतर उसे परेशान कर रहा था, जिसके चलते उसने यह आत्मघाती कदम उठाया है. फिलहाल, पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

दरअसल, उत्तर प्रदेश के ललितपुर की रहने वाली अंशिका कुशवाहा बहोड़ापुर (ग्वालियर) के विनय नगर इलाके में अपने चाचा राधे कुशवाहा के घर में रहकर पढ़ाई कर रही थी. 4 अक्टूबर को उसकी सगाई गुढ़ागुढ़ी का नाका इलाके में रहने वाले अर्जुन कुशवाहा से हुई थी. दोनों की फोन पर बातचीत भी होने लगी थी. बीते रोज अंशिका घर में अकेली थी, तभी व्हाट्सएप पर अर्जुन का उसके पास कॉल आया. इसके बाद दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी पटाखों पर पूरी तरह से पाबंदी

नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने प्रदूषण को कम करने के लिए दिल्ली के अलावा उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी अगले आदेश तक पटाखों की बिक्री पर रोक लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण के मामले पर सुनवाई हुई। इस दौरान दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में बताया कि राजधानी में पटाखों पर पूरे साल स्टॉक और बिक्री पर रोक लगा दी है। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, इसका असर तभी पड़ेगा, जब दूसरे शहरों में भी ऐसी ही रोक हो। इसलिए यूपी और हरियाणा भी ऐसा करें। अब इस मामले में 15 जनवरी को अगली सुनवाई होगी।

पटाखों पर बैन लगाने के मामले में एमिकस ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली में पटाखों पर पूरी तरह से प्रतिबंध है, लेकिन इसे प्रभावी बनाने के लिए एनसीआर राज्यों पर भी प्रतिबंध होना चाहिए। दिल्ली सरकार की ओर से सीनियर एडवोकेट फरासत ने अदालत को सूचित किया कि दिल्ली ने पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री, वितरण और उपयोग पर व्यापक प्रतिबंध लगा दिया है।

## धक्का-मुक्की प्रकरण पर प्रियंका गांधी की दो टूक- अमित शाह को बचाने की साजिश



नई दिल्ली,(ए.)। संसद परिसर में हुए धक्का–मुक्की कांड पर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने भाजपा और गृह मंत्री अमित शाह पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस पूरे मामले की साजिश अमित शाह को बचाने के लिए रची गई।

प्रियंका गांधी ने गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, कि राहुल गांधी शांतिपूर्वक डॉ. भीमराव आंबेडकर की फोटो लेकर जय भीम के नारे लगाते हुए संसद जा रहे थे। फिर उन्हें रोका गया और भाजपा सांसदों ने धक्का–मुक्की और गुंडागर्दी की। यह सब अमित शाह को बचाने के लिए किया गया है।

यह बयान उस वक्त आया जब भाजपा ने आरोप लगाया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की वजह से भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत घायल हुए। कांग्रेस ने इन आरोपों को नकारते हुए उल्टा भाजपा पर साजिश का आरोप लगाया।

इसके साथ ही प्रियंका गांधी ने आगे कहा, कि मेरे सामने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को जमीन पर गिराया गया। सीपीएम सांसद को भी धक्का दिया गया, जिससे वे खड़गे जी के ऊपर गिर गए। यह सब पूरी योजना के तहत किया गया। भाजपा अगर सच में आंबेडकर जी का सम्मान करती है, तो जय भीम का नारा क्यों नहीं लगाती मैं भाजपा सांसदों को चुनौती देती हूं कि वे यहां खड़े होकर जय भीम बोलकर दिखाएं।

प्रियंका गांधी ने मीडिया को बताया कि राहुल गांधी संविधान और डॉ. आंबेडकर के सम्मान के लिए शांतिपूर्वक प्रदर्शन कर रहे थे। उन्होंने कहा, हम पिछले कई दिनों से शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर रहे हैं। किसी को रोका नहीं, लेकिन आज भाजपा ने जानबूझकर यह हंगामा किया।

### केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान का बयान–राहुल गांधी का व्यवहार सभ्य समाज के लिए अकल्पनीय

नई दिल्ली (आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर तीखा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि खड़गे और गांधी अपने कृत्यों के लिए माफी मांगेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। चौहान ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी का व्यवहार अहंकारपूर्ण था और उन्होंने ऐसा कदम उठाया जो सभ्य समाज में स्वीकार्य नहीं है। घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भाजपा सांसद मकर द्वार पर विरोध कर रहे थे, जब राहुल गांधी वहां जानबूझकर पहुंचे, जबकि सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें दूसरी जगह से प्रवेश करने को कहा था।

### राहुल गांधी करीब आकर खड़े हो गए.........मैं अनकंफर्टेबल हुई, वे चिल्लाने लगे

**महिला सांसद फांगनोन कोन्याक ने जगदीप धनखड़ से शिकायत की**

नई दिल्ली (ए.)। संसद में धक्का–मुक्की कांड पर विवाद बढ़ता जा रहा है। इस बीच, बीजेपी ने लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाया है कि उन्होंने महिला सांसद को धक्का दिया, जिससे महिला सांसद डर गई और असहज हो गईं। राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने इस बात को माना है कि उनके पास महिला सांसद की शिकायत आई है। महिला सांसद उनके पास रोते हुए आई और राहुल गांधी के खिलाफ शिकायत की।

दरअसल, नागालैंड सांसद फांगनोन कोन्याक ने खुद पर हमले का आरोप लगाया है। मामले में राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा, महिला सांसद मेरे पास रोती हुए आई थीं। मेरे पास इस बात की सूचना है। उन्होंने मुझे लिखित शिकायत दी है। मैं इस पर चर्चा कर रहा हूं।

इसके पहले बीजेपी अध्यक्ष के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, कांग्रेस बौखला गई है। राहुल गांधी ने गैर प्रजातांत्रिक तरीके से हमारे सांसदों के साथ धक्कामुक्की की। इस धक्कामुक्की में हमारे 2 सांसद घायल हुए। नागालैंड की बीजेपी महिला सांसद फांगनोन कोन्याक को राहुल गांधी ने धक्का दिया। वहां किसी महिला के साथ प्रताड़ना के बराबर है।





# केन-बेतवा परियोजना से बुन्देलखण्ड होगा हरा-भरा, समृद्धशाली : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने 160 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का किया लोकार्पण और भूमिपूजन

भोपाल (ए)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि बुन्देलखण्ड क्षेत्र की तकदीर और तस्वीर दोनों ही बदलने वाली है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के सपने को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 25 दिसम्बर को मूर्तरूप देने के लिये आधारशिला रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह बात गुरूवार को छतरपुर जिले के सटई में आयोजित किसान सम्मेलन सह लोक कल्याण शिविर में कही। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 11 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक जनकल्याण पर्व मनाया जा रहा है, जिसमें प्रदेश के समग्र विकास के लिये विभिन्न सौगातें प्रदान की जा रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभिन्न हितग्राहियों को हितलाभ भी वितरित किये, स्व-सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में 160 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. वाजपेयी की 100वीं जयंती पर प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में शामिल होने के लिये सभी




**मुख्यमंत्री ने केन-बेतवा लिंक परियोजना के भूमि-पूजन कार्यक्रम में सभी को किया आमंत्रित**

को निमंत्रित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने महाराज छत्रसाल और आल्हा-ऊदल के पराक्रम और बलिदान को स्थानीय कवि की पंक्तियों, 'छत्ता तेरे राज में धक-धक धरती होय, जित-जित घोड़ा मुख करे, तित-तित फत्ते होय' का उद्घोष करते हुए याद किया। उन्होंने कहा कि 25 दिसम्बर के बाद वीरों की यह भूमि विकास के लिये भी जानी जायेगी। इस दिन प्रधानमंत्री श्री मोदी बुन्देलखण्ड क्षेत्र के कायाकल्प की आधारशिला रखेंगे। इसके बाद बुन्देलखण्ड क्षेत्र में सूखा अतीत की बात हो जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्व. वाजपेयी की दूरदर्शी सोच ने ही पहली बार देश भर की नदियों को जोड़कर बिखरी पड़ी जल-शक्ति के समुचित प्रबंधन का सपना देखा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्व. वाजपेई के सपने को साकार करने के लिये प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आधुनिक भगीरथ बनकर देश भर में रिवर लिंक परियोजनाओं की शुरूआत की है। डॉ. यादव ने इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की कि इनमें से 2 परियोजनाओं की सौगात मध्यप्रदेश को मिली है। पहली पीकेसी परियोजना का एमओए और शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री मोदी की उपस्थिति में 17 दिसम्बर को जयपुर में हो चुका है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 25 दिसम्बर को केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना के शिलान्यास पर खुशी जताते हुए कहा कि एक लाख करोड़ रुपए लागत की इस परियोजना में 90 हजार करोड़ रुपए का व्यय केन्द्र सरकार वहन करेगी।




राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल का मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (MANIT), भोपाल में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा आयोजित 7वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में पुष्पगुच्छ से स्वागत एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर अभिनंदन किया गया।

## भोपाल के हमीदिया अस्पताल से 400 कर्मचारियों को निकालने की तैयारी

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल के हमीदिया अस्पताल से 400 कर्मचारियों को निकालने की तैयारी कर ली गई है. इसे लेकर मैनेजमेंट ने कुछ लैटर भी भेजे हैं. कुछ स्थानीय वेबसाइट (Local Website) पर इस खबर को छापा गया है. दावा है कि गांधी मेडिकल कॉलेज की तरफसे कहा गया है कि शासन से सैक्शन पदों के मुकाबले हमीदिया में 400 कर्मचारी ज्यादा काम करते हैं. ऐसे में ये 400 कर्मचारी कौन कौन से विभाग के होंगे ये अभी तय नहीं है. ये वो कर्मचारी हो सकते हैं, जिन्हें कोविड के समय भर्ती किया था।

## प्रधानमंत्री एक्सलेंस कॉलेज हमीदिया के छात्रों ने किया ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण

**-राजा भोज के समरांगण सूत्रधार में उल्लेखित आयताकार नगर बनावट के बारे में जाना**

भोपाल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री एक्सलेंस कॉलेज हमीदिया के भूगोल विभाग के छात्रों ने भोपाल भ्रमण कर भोपाल के प्राचीन गोंड कालीन इतिहास, स्थापत्य एवं उनकी इमारतों को देखा। धरोहर संस्था की सचिव डॉ पूजा सक्सेना ने अपने रोचक अंदाज में भोपाल का इतिहास प्रागैतिहासिक काल के शैलाश्रयों से प्रारंभ कर राजा भोज के बड़ा तालाब बनाने की प्रक्रिया उनके प्राचीन ग्रंथों में वास्तु कला का उल्लेख और उसकी भोपाल में समानता से छात्रों को अवगत करवाया । इसके पश्चात गोंड राजाओ का भोपाल के निर्माण में योगदान तथा अंतिम गोंड रानी कमलापति के इतिहास और उनके महल कमला पार्क को भी छात्रों ने देखा । अगला पड़ाव इकबाल मैदान जो कि प्रारंभ में खिरनी मैदान के नाम से जाना जाता था जहां आज भी खिरनी का वृक्ष मौजूद है इसके इतिहास के बारे में जाना । छात्रों ने सदर मंजिल, शीश महल, शौकत महल, मोतिया तालाब आदि स्थानों को देखा। इसी के साथ छात्रों ने भोपाल के प्राचीन चौक बाजार का पैटर्न और राजा भोज के समरांगण सूत्रधार में उल्लेखित आयताकार नगर बनावट के बारे में भी जाना ।

## भोपाल-इंदौर में कंस्ट्रक्शन कारोबारी राजेश शर्मा समेत कई रियल एस्टेट कारोबारियों के यहां आईटी ने कार्रवाई की

भोपाल (आरएनएस)। भोपाल-इंदौर में कंस्ट्रक्शन कारोबारी राजेश शर्मा समेत कई रियल एस्टेट कारोबारियों के यहां आईटी ने कार्रवाई की है। भोपाल में रियल एस्टेट कारोबारी त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक राजेश शर्मा के ठिकानों पर आयकर विभाग ने छापा मारा है। उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी रेड की गई है। आयकर विभाग के अधिकारियों के मुताबिक, बुधवार सुबह 6.45 बजे एक साथ ये कार्रवाई की गई। जांच टीम को राजेश शर्मा के अब तक 10 लॉकर्स की जानकारी मिली है। इसके अलावा भारी मात्रा में ज्वेलरी मिली है। इसका वैल्यूएशन किया जाना बाकी है। टीम ने भोपाल, ग्वालियर और इंदौर में 52 ठिकानों पर छापेमारी की है। इनमें से 49 ठिकाने भोपाल के हैं, इंदौर में 2 और ग्वालियर में 1 बिल्डर के यहां छापा मारा गया है। आयकर विभाग की टीम ने अब तक की जांच में 3 करोड़ रुपए कैश जब्त किए हैं। इसमें 1 करोड़ 20 लाख रुपए एक अन्य बिल्डर के यहां से जब्त हुए हैं। इसके अलावा सभी बिल्डरों के यहां की गई छापेमारी में भारी संख्या में दस्तावेज, मोबाइल, कंप्यूटर हार्ड डिस्क डेटा मिला है, जिसे जब्त कर लिया गया है।

## मान्यता के लिये निजी स्कूल 23 दिसम्बर से कर सकेंगे आवेदन

**राज्य शिक्षा केन्द्र ने जारी की समय सारिणी**

भोपाल (ए)। प्रदेश में संचालित कक्षा एक से 8 तक के निजी विद्यालय शिक्षा का अधिकार अधिनियम अंतर्गत नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिये 23 दिसम्बर से 23 जनवरी तक ऑन लाइन आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केन्द्र ने मान्यता आवेदन की प्रक्रिया को सरलीकृत एवं पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आरटीई एमपी मोबाइल ऐप तैयार किया है। इसके माध्यम से अशासकीय स्कूल स्वयं अपने मोबाइल के द्वारा आवश्यक जानकारी दर्ज कर जरूरी फोटोग्राफ तथा दस्तावेज अपलोड करते हुये मान्यता के लिये ऑनलाइन आवेदन कर सकेगे। संचालक राज्य शिक्षा केन्द्र हरजिंदर सिंह ने सभी जिला कलेक्टर्स और मैदानी अधिकारियों को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि वे इस सबंध में अपने जिले के सभी निजी विद्यालयों को अवगत कराते हुए नवीन मान्यता अथवा पूर्व मान्यता के नवीनीकरण के लिये निर्धारित समय सीमा में कार्यवाही पूर्ण कराये। जिन स्कूलों की मान्यता अवधि मार्च 2025 में पूर्ण हो रही है ऐसे स्कूल समय-सीमा में मान्यता नवीनीकरण हेतु आवेदन करेंगे। साथ ही यदि कोई स्कूल कक्षा में वृद्धि करना चाहता है तो वह भी नवीनीकरण के लिये आवेदन कर सकता है।

## वन मेले में तीसरे दिन 20 लाख रुपये के वनोपज हर्बल उत्पाद से निर्मित औषधियों की ब्रिकी हुई

**आर्गेनिक उत्पाद के प्रति लोगों में आकर्षण रहा**



भोपाल (ए)। अंतर्राष्ट्रीय वन मेले में भोपाल बल्कि आस पास के जिलों से भी बड़ी संख्या में लगभग 30 हज़ार लोगों ने मेले में उत्सुकता से भाग लिया और मेले का लुत्फ़ उठाया। आज तीसरे दिन तक लगभग 20 लाख रूपए के वनोपज हर्बल उत्पाद से निर्मित औषधियों की बिक्री हो चुकी है। मेले में स्थापित ओपीडी में लगभग 200 से अधिक आगंतुको ने निश्शुल्क चिकित्सीय परामर्श प्राप्त किया। शिविर में सुबह 45 एवं शाम 45 आयुर्वेद चिकित्सकों तथा अनुभवी वैद्य ने अपनी सेवाएँ प्रदान की। ओ.पी.डी. में आयुर्वेदिक चिकित्सकों और अनुभवी वैद्य द्वारा नि:शुल्क परामर्श मेले के अंतिम दिन तक जारी रहेगा। लोग लेमन ग्रास, जंगली अदरक, एलोवेरा और आंवला, जंगली अदरक, एवं अन्य वनोपज से बने उत्पादों को जानने एवं खरीदने में काफी रूचि ले रहे है। इस बार मेले में आये आर्गेनिक उत्पाद लोगों का आकर्षण अपने और खींच रहे है इससे आर्गेनिक क्षेत्रों में शामिल हमारे वनांचलों में निवासरत समुदाय भी प्रोत्साहित हो रहे है। प्रधानमंत्री वन धन केन्द्रों के द्वारा माहुल एवं अन्य पत्तों से बनाए जा रहे दोना-पत्तल जो की सिंगल यूज़ प्लास्टिक का एक अचूक विकल्प है भी लोगों में अपनी विशेष छाप छोड़ रहे है। लोगों का दोना-पत्तल के प्रति उत्साह एवं लगाव को देखते हुए पर्यावरण के प्रति हो रहे दुष्प्रभाव को रोकने कि दिशा में अनूठा प्रयास है।

## 01703/01704 रीवा-मडगांव-रीवा के मध्य 02-02 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने के निरंतर प्रयासों के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल ने अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लीयर करने एवं यात्रियों की सुविधा हेतु रीवा-मडगांव-रीवा के मध्य 02-02 ट्रिप साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। गाड़ी संख्या 01703, रीवा-मडगांव स्पेशल ट्रेन, दिनांक 22.12.2024 और 29.12.2024 को रीवा से दोपहर 12:00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 19:45 बजे इटारसी, 20:40 बजे हरदा एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए 21:25 बजे मडगांव स्टेशन पहुँचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 01704, मडगांव-रीवा स्पेशल ट्रेन, दिनांक 23.12.2024 और 30.12.2024 को मडगांव से रात 22:25 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 20:08 बजे हरदा, 21:30 बजे इटारसी एवं मार्ग के अन्य स्टेशनों से होते हुए तीसरे दिन सुबह 08:20 बजे रीवा स्टेशन पहुँचेगी।

## सुपर स्पेशियेलिटी सुविधाओं का विस्तार करने के लिये सरकार प्रतिबद्ध : उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल

**रीवा में एक ही दिन में 2 मरीजों के सफल किडनी प्रत्यारोपण पर दी बधाई**




भोपाल (ए)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल रीवा में सफल दोहरे किडनी प्रत्यारोपण के लिए संपूर्ण चिकित्सा टीम को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदूर क्षेत्रों तक सशक्त और सुलभ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह सफलता राज्य के हर हिस्से में सुपर स्पेशियलिटी सुविधाओं को विस्तार देने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। रीवा में यह ऐतिहासिक उपलब्धि प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देने का कार्य करेगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि राज्य सरकार अंग प्रत्यारोपण जैसे जटिल चिकित्सा प्रक्रियाओं के लिए आवश्यक संसाधनों और विशेषज्ञता को हर मेडिकल संस्थान में सुलभ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने इस उपलब्धि को रीवा और पूरे प्रदेश के लिए गर्व का क्षण बताते हुए टीम की मेहनत और समर्पण की सराहना की। सुपर स्पेशियेलिटी हॉस्पिटल, रीवा में ट्रांसप्लांट फिजिशियन और नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. रोहन द्विवेदी और ट्रांसप्लांट सर्जन व यूरोलॉजिस्ट डॉ. पुष्पेंद्र शुक्ला के नेतृत्व में एक ही दिन में दो मरीजों का सफलतापूर्वक किडनी प्रत्यारोपण किया गया।

## बैरसिया में मिड-डे मील खाने के बाद 7 बच्चे बीमार



भोपाल (आरएनएस)। बैरसिया में मिड-डे मील खाने के बाद 7 बच्चे बीमार हो गए। सभी की उम्र 3 से 5 साल के बीच है। बुधवार दोपहर 6 बच्चों को बैरसिया और 1 को हमीदिया में भर्ती कराया गया है। मामला इजगिरी गांव का है। गांव की आंगनवाड़ी में मिड-डे मील खाने वाले कुल 64 बच्चों की जांच कराई गई है। बीमार बच्चों ने मिड-डे मिल में दाल-रोटी और लप्सी खाई थी। वहीं, पास की माध्यमिक शाला के बच्चों ने दाल-रोटी खाई थी। खाना खाने के कुछ देर बाद ही आंगनवाड़ी केंद्र के बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। बैरसिया एसडीएम आशुतोष शर्मा मौके पर पहुंचे और बच्चों की जांच करवाई। 7 बच्चों की हालत ठीक नहीं थी। इन्हें बैरसिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया। यहां से एक बच्चे को हमीदिया लाया गया। कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य शिविर लगाकर सभी बच्चों की जांच कराई गई है। सभी बच्चों की हालत ठीक है। एहतियातन उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है।

## चारों वेदों को मिलाकर नाट्यशास्त्र की रचना हुई : श्री मेहता

**-देवी अहिल्याबाई ने दिखाया महिला सशक्तिकरण का रास्ता - सुश्री बलवटे**

भोपाल (आरएनएस)। अध्यात्म और रंगमंच में अटूट संबंध है सनातन परंपरा में ऋग्वेद से पाठ सामवेद से गीत अथर्ववेद से रस यजुर्वेद से अभिनय लेकर पांचवें वेद नाट्यशास्त्र की रचना की गई है। संस्कार भारती भोपाल में क्रिएटिव युवा ग्लोरियस भारत CYGB की मासिक संगोष्ठी में यह विचार रखे वरिष्ठ रंगकर्मी संजय मेहता ने रखे। श्री मेहता रंगमंच,अभिनय एवं आध्यात्म विषय पर अपना व्याख्यान दे रहे थे। उन्होंने नाट्यशास्त्र के अध्ययन की अनिवार्यता को स्पष्ट किया।उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि नैतिकता और धार्मिकता के मध्य अंतर यह है कि नैतिकता की सीमा हो सकती है किंतु धर्म की नहीं। धार्मिकता हमे बुराई से दूर रखती है।

## गांवों का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता : मंत्री श्री पटेल

भोपाल (ए)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि गांव का समग्र विकास हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सभी पंचायत भवन विहीन 1153 ग्राम पंचायतों में पंचायत भवन स्वीकृत किए गए हैं। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पुराने जर्जर पंचायत भवनों के संबंध में निर्णय लेने के लिए एक विशेष समिति गठित की जाएगी। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि आगामी पंचायत चुनाव तक कोई भी ग्राम पंचायत भवन विहीन न रहे। मंत्री श्री पटेल ने गुरुवार को प्रदेश भर से आए पंचायत प्रतिनिधियों से निवास पर मुलाकात की। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतों को स्वावलंबी बनाने के लिए प्राथमिकताओं को चिन्हित करना चाहिए। उन्होंने



कहा कि प्रत्येक पंचायत में शमशान घाट हो और साथ ही गौ-वंश संरक्षण के लिए विशेष उपाय किए जाए। मंत्री श्री पटेल ने पौध-रोपण के दौरान सावधानी और सतर्कता बरतने और नियमित मॉनिटरिंग के लिए एक ठोस योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रतिनिधियों को ग्राम पंचायतों में कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स बनाने के लिए सुझाव देने के लिए कहा। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि सभी पंचायत प्रतिनिधि सरकारी जमीनों पर अतिक्रमण हटाने के लिए विशेष प्रयास करें, इससे पंचायतों को भूमि को संरक्षित करने में मदद मिलेगी। उन्होंने ग्राम पंचायतों के कार्यक्षेत्र में रेत संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि कपिलधारा और सामुदायिक पेयजल परियोजनाओं की लागत को बराबर करने की दिशा में विचार किया जा रहा है, जिससे ग्रामीणों को सुगमता से लाभ मिल सके। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायत सचिवों और जीआरएस के लिए एमआईएस पोर्टल को और अधिक सुलभ बनाया जाएगा। उन्होंने कार्य अनुमोदन में पारदर्शिता लाने पर बल दिया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि पंचायतें मजबूत होंगी, तो प्रदेश सशक्त बनेगा।

# भोपाल मंडल के कई स्टेशनों पर किलाबंदी टिकट चेकिंग: 8.66 लाख जुर्माना वसूला

भोपाल (निप्र)। मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी के कुशल मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया के निर्देशन में भोपाल मंडल द्वारा अधिकृत यात्रियों को बेहतर सुविधाएं प्रदान करने तथा रेल राजस्व में वृद्धि करने हेतु सतत प्रयास किये जा रहे है। इसी क्रम में दिनांक 19.12.2024 को भोपाल मंडल के नौ स्टेशनों जैसे भोपाल,रानी कमलापति,संत हिरदाराम नगर, गुना, बीना, इटारसी, हरदा,विदिशा, नर्मदापुरम स्टेशनों पर एक साथ सुबह 06 बजे से दोपहर 02 बजे तक वाणिज्य विभाग के 10 पर्यवेक्षक ,104 टिकट चेकिंग स्टाफ के सहयोग से किलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। पर्यवेक्षक टिकट चेकिंग स्टॉफ की निगरानी में चलाये गए इस टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशन के बाहर निकलने वाले रास्ते की घेराबंदी की गई, ताकि कोई भी यात्री बिना जाँच के स्टेशन के बाहर न जा सकें। इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान स्टेशनों पर आने-जाने वाली कुल 153 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 730 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 468395/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 806 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 396190/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 13 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 2400/- बतौर जुर्माना/किराया वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। इस प्रकार सभी नौ स्टेशनों पर एक साथ चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 1549 मामलों से कुल रुपये 866985/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

**भोपाल स्टेशन**

इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान भोपाल स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 21 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 203 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 137470/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 161 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 81150/- बतौर जुर्माना/किराया वसूला गया। इस प्रकार भोपाल स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 364 मामलों से कुल रुपये 218620/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

**इटारसी स्टेशन**

इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान इटारसी स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 39 गाड़ियों के



***-भोपाल, रानी कमलापति, संत हिरदाराम नगर, गुना, बीना, इटारसी, हरदा, विदिशा, नर्मदापुरम स्टेशनों पर चला अभियान***

***-अनियमित एवं बिना टिकट यात्रा करते 1549 यात्री पकड़ कर, रुपये 866985/- का जुर्माना वसूला गया***

यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 140 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 105145/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 212 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 106820/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 3 यात्रियों से 600/- रुपये जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार इटारसी स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 355 मामलों से कुल रुपये 212565/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

**रानी कमलापति स्टेशन**

इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान रानी कमलापति स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 15 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 28 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 10460/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 7 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 3200/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 4 यात्रियों से 700/- रुपये जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार रानी कमलापति स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 39 मामलों से कुल रुपये 14360/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

**संत हिरदाराम नगर स्टेशन**

इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 11 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 47 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 30850/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 21 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 9950/- बतौर जुर्माना/किराया वसूल किया गया। बिना बुक कराए सामान लेकर यात्रा कर रहे एवं स्टेशन पर गंदगी फैलाते हुए 3 यात्रियों से 600/- रुपये जुर्माना वसूला गया। इस प्रकार संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 71 मामलों से कुल रुपये 41400/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ।

**नर्मदापुरम स्टेशन**

इस किला बन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान नर्मदापुरम स्टेशन पर आने-जाने वाली कुल 11 गाड़ियों के यात्रियों के टिकट की जांच की गई। जांच के दौरान बिना टिकट यात्रा करने वाले कुल 47 यात्री पकड़े गए, जिनसे रुपये 35450/- बतौर किराया/जुर्माना वसूला किया गया। अनुचित टिकट लेकर यात्रा करने वाले कुल 86 यात्री पाए गए, जिनसे रुपये 42850/- बतौर जुर्माना/किराया वसूलने के साथ ही यात्रियों को उचित टिकट लेकर ही यात्रा करने एवं गंदगी ना करने की समझाईश दी गई। इस प्रकार नर्मदापुरम स्टेशन पर चले इस क़िलाबन्दी टिकट चेकिंग अभियान के दौरान बिना टिकट, अनुचित टिकट, बिना बुक कराए समान लेकर यात्रा करते पाए गए यात्रियों के पकड़े गए कुल 133 मामलों से कुल रुपये 78300/- का रेल राजस्व प्राप्त हुआ। वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक सौरभ कटारिया नें बताया कि यह अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया कि सभी यात्री उचित टिकट के साथ यात्रा करें। अनियमित यात्राओं को रोकने से जहां रेल राजस्व में वृद्धि होती है, वहीं यह यात्रियों के लिए सुगम, सुरक्षित और स्वच्छ यात्रा सुनिश्चित करता है। साथ ही उन्होंने यात्रियों से अपील की है कि उचित टिकट लेकर ही यात्रा करें। प्रतिक्षा सूची ई-टिकट एवं प्लेटफार्म टिकट पर यात्रा करने की अनुमति नहीं है। प्लेटफॉर्म पर प्रवेश के लिए यात्रा टिकट या प्लेटफॉर्म टिकट होना आवश्यक है। यात्री IRCTC वेबसाइट/एप एवं UTS एप का उपयोग कर स्वयं भी टिकट बुक कर सकते है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## कानून के आदर की आम हालत की ही एक झलक

साल 2013 में जाकर यूपीए-2 की सरकार ने कार्यस्थलों पर यौन उत्पीडन रोकने का अधिनियम (संक्षेप में पॉश कानून) बनाया। लेकिन उस पर अमल का हाल क्या है, यह खुद सुप्रीम कोर्ट के ताजा दिशा-निर्देशों से जाहिर होता है। कार्य स्थलों पर यौन उत्पीडन् रोकने के लिए व्यापक दिशा-निर्देश सुप्रीम कोर्ट ने 27 साल पहले जारी किए थे। 1997 में सुप्रीम कोर्ट ने ये निर्देश जारी किए, जिन्हें विशाखा गाइडलाइन्स' के रूप में जाना जाता है। उन दिशा-निर्देशों की भावना के मुताबिक कानून बनाने में 15 साल लग गए। इस बीच कई सरकारें आईं और गईं। 2013 में जाकर यूपीए-2 की सरकार ने यह अधिनियम (संक्षेप में पॉश कानून) बनाया, लेकिन उस पर अमल का हाल क्या है, यह खुद सुप्रीम कोर्ट के ताजा निर्देशों से जाहिर होता है। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस एन. कोटिश्वर सिंह की बेंच ने निर्देश दिया है कि पॉश कानून को पूरे देश में समान रूप से लागू किया जाए। अदालत ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 31 दिसंबर 2024 तक हर जिले में एक अधिकारी नियुक्त करने को कहा है। यह अधिकारी 31 जनवरी 2025 तक स्थानीय शिकायत समिति का गठन करेगा और तालुका स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा। कोर्ट ने जिला मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया है कि वे पॉश अधिनियम की धारा 26 के तहत सार्वजनिक और निजी संगठनों का सर्वेक्षण करें और मार्च 2025 तक रिपोर्ट पेश करें। जाहिर है, कानून बनने के 11 साल बाद भी ये सारे कदम नहीं उठाए गए हैँ। ताजा निर्देश एक याचिका पर आया, जिसमें गुजारिश की गई है कि कोर्ट केंद्र और राज्य सरकारों से पूछे कि क्या सभी मंत्रालयों और विभागों में यौन उत्पीडन के आरोपों की जांच की समिति का गठन हो गया है। जस्टिस बीवी नागरत्ना की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि इस कानून को पूरे देश में लागू किया जाना है। कोर्ट तीन महीने के भीतर सर्वेक्षण करने और 31 मार्च 2025 तक रिपोर्ट जमा करने का निर्देश दे रहा है। पॉश अधिनियम की धारा 26 में प्रावधान है कि कोई विभाग, मंत्रालय या निजी संगठन अपने यहां जांच समिति का गठन नहीं करता है, तो उस पर 50,000 रु. तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। मगर ऐसी समितियां आज तक बनी ही नहीं हैं। यह देश में कानून के आदर की आम हालत की ही एक झलक है।

# कनाडा में सिख समुदाय आतंकियों के दबाव से त्रस्त

भारत डोगरा

तेईस जून, 1985 को कनिष्क एअर इंडिया 182 विमान में उड़ते समय भयंकर विस्फोट हुआ जिससे हवाई जहाज अटलांटिक सागर में आयरलैंड के तटीय क्षेत्र के पास गिरा और उसमें सवार सभी 329 व्यक्ति मारे गए। इनमें से अधिकतर भारतीय मूल के कनाडाई नागरिक थे।

जिन परिवारों के सदस्य मारे गए आज भी उन्हें न्याय नहीं मिला। इसके अतिरिक्त, यह भी समय-समय पर प्राप्त होने वाले तथ्यों से स्पष्ट होता रहा है कि यदि कनाडा की गुप्तचर और पुलिस एजेंसियों ने समुचित कार्रवाई की होती तो बड़ी संभावना यह होती कि इस हादसे को रोका जा सकता था।

कनाडा के पब्लिक सेफ्टी मंत्रालय ने ओंटारियो के पूर्व मंत्री बाब रे को इस त्रासदी की जांच का काम सौंपा था। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि कनाडा गुप्तचर संस्थान (सीएसआईएस-कनाडियन सेक्युरिटी इंटेलीजेंस सर्विस) के अधिकारियों ने ऐसे दो खालिस्तानियों का पीछा किया जो उनके संदेह के दायरे में थे। दोनों एक टापूनुमा वीरान जंगली क्षेत्र में पहुंचे। यहां तक गुप्तचरों ने उनका पीछा किया। फिर जहां ये खालिस्तानी गए थे वहां से बड़े धमाके की आवाज आई। कोई बच्चा भी कहेगा कि इस धमाके की आवाज आने से पूछताछ की जरूरत और बढ़ गई थी पर इन गुप्तचरों ने ऐसा कुछ नहीं किया और आगे कोई कार्रवाई ही नहीं की। अब जब अन्य तथ्य सामने आ चुके हैं तो स्पष्ट है, जैसा कि जांच रिपोर्ट में भी कहा गया है, कि यह सुनसान इलाके में बम टेस्ट करने का प्रयास था क्योंकि दो वायुयानों में बम रखने की तैयारियां उस समय पूरे जोरों पर थीं। यदि समय पर इन खालिस्तानियों से भली-भांति पूछताछ कर ली जाती तो षडयंत्र को उसी समय रोक पाने की संभावना थी।

एक अन्य बड़ा मुद्दा है कि गुप्तचर एजेंसी सीएसआईएस ने पहले टेपों पर खालिस्तानी षडयंत्रकारियों की बहुत सी बातचीत रिकार्ड भी की थी और फिर इससे पहले कि इस रिकार्डिग का समुचित विश्लेषण हो पाता, इनको नष्ट कर दिया गया। जांच रिपोर्ट ने इस बारे में इस केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस जैसिफसन की टिप्पणी की ओर ध्यान दिलाया है, जिन्होंने इसे ऐसी लापरवाही बताया था, जिसे स्वीकार नहीं किया जा



सकता। आखिर, इतनी बड़ी लापरवाही कैसे हो गई, इस पर चर्चा हुई तो सीएसआईएस का यह पक्ष सामने आया कि उसके एक एजेंट ने खालिस्तानी षडयंत्रकारियों में घुसपैठ कर ली थी, हालांकि कनिष्क हादसे से तीन दिन पहले उसे अलग कर लिया गया। सीएसआईएस का पक्ष, जो प्रकाशित रिपोटरे में बताया गया है (जैसा बीबीसी की एक रिपोर्ट में भी छपा) कि उसने अपने इस एजेंट के बचाव के लिए टेप नष्ट किए।

पर ज्यादा महत्त्वपूर्ण बात यह है कि एजेंट के पास जो जानकारी थी, उसका भरपूर उपयोग किया जाता तो इतना समय जरूर मिलता कि षडयंत्र का पता लगा कर उसे नाकाम कर दिया जाता। पर ऐसा नहीं हुआ। जांच रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जो जानकारी सीएसआईएस के पास होती थी वह कनाडियन पुलिस (आरसीएमपी) के साथ ठीक से शेयर नहीं की जाती थी। कनाडा के उच्च स्तर के कुछ सुरक्षा अधिकारियों ने इस बारे में गंभीर चिंता व्यक्त करनी आरंभ की कि कनाडा में बहुत से आतंकी संगठनों ने डेरा जमा लिया है।

सीएसआईएस के पूर्व अध्यक्ष वार्ड एलकाक ने अपनी उच्चस्तरीय जानकारी के आधार पर सीनेट की एक विशेष समिति को बताया कि अमेरिका को छोड़ दें तो किसी भी अन्य देश की अपेक्षा कनाडा में अधिक आतंकवादी संगठन सक्रिय हैं। उन्होंने बताया कि उनका संस्थान सीएसआईएस की आतंक-विरोधी शाखा ऐसे 50 आतंकवादी संगठनों और इनसे जुड़े 350 व्यक्तियों की जांच कर रहा है। उन्होंने आगे बताया कि ये विभिन्न आतंकवादी संगठन आतंकवादी कार्रवाइयों में सहायता देते हैं, आतंकवाद के लिए धन एकत्र करते हैं, प्रोपेगंडा और असत्य (डिसइंफामेशन) फैलाने के लिए विभिन्न समुदायों का दोहन-शोषण करते हैं, अप्रवासियों को डराते-धमकाते हैं, आतंकियों के लिए कनाडा में सुरक्षित शरण स्थलों की व्यवस्था करते हैं, आतंकियों की अमेरिका तक आने-जाने की व्यवस्था करते हैं, और अप्रवासियों की तस्करी करते हैं।

यह बयान कनाडा के फ्रेसर इंस्टीटयूट की अध्ययन रिपोर्ट में उपलब्ध है, जिसका शीषर्क है कनाडा'ज इनएडिक्वेट रिस्पॉन्स टू टेररिज्म'। रिपोर्ट के लेखक हैं मार्टिन कोलाकोट। रिपोर्ट में बताया गया है कि विभिन्न खालिस्तानी आतंकवादी संगठनों के अतिरिक्त अनेक अन्य तरह के आतंकवादी संगठन भी कनाडा में सक्रिय हैं, और इनका संबंध अनेक अन्य चर्चित आतंकवादी हमलों से भी जुड़ा रहा है। रिपोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि कई महत्त्वपूर्ण संदभरे में कनाडा की सरकार आतंकवाद के नियंत्रण के लिए असरदार कदम उठाने में असमर्थ रही है। रिपोर्ट ने बताया है कि खतरनाक आतंकी संगठनों पर सरकार प्रतिबंध नहीं लगा सकी और यहां तक कि ऐसे कुछ संगठन परोपकारी कार्य का आवरण लगा कर अपना प्रसार करते हैं, उस पर भी काफी समय तक रोक नहीं लग सकी। उनके विरुद्ध असरदार कार्रवाई करने के बहुत कम उदाहरण कनाडा में देखे गए हैं।

इतना ही नहीं, कुछ राजनीतिक दल और नेता भी अपने संकीर्ण स्वार्थी हितों के लिए ऐसी ढील देने की नीति अपनाते हैं। सीएसआईएस की रणनीतिक योजना के पूर्व मुख्य अधिकारी डेविड हैरिस से जब पूछा गया कि क्या कनाडा आतंकवादियों की सुरक्षित शरण स्थली बन रहा है, तो उन्होंने उत्तर दिया कि ऐसी आशंका का बड़ा खतरा है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां 50 आतंकवादी संगठनों की उपस्थिति है, जिनमें से अनेक प्रमुख आतंकवादी संगठन हैं। वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक स्टीवर्ट बेल ने एक पुस्तक लिखी है, जिसका शीषर्क है-कोल्ड टैरर-कनाडा नरचर्स एंड एक्सपोटर्स टैररिज्म थ्रूआउट द वर्ल्ड'। इसमें उन्होंने लिखा है कि कनाडा की आतंकी समस्याओं के कारण बहुत हिंसा हुई है, लोग मारे गए हैं। इससे कनाडा में समस्याएं बढ़ गई हैं, और कुछ समुदायों पर उग्रवादियों ने अपना नियंत्रण बढ़ा लिया है।

## मुंबई में हादसा का जिम्मेदारी किसकी

संजय गोस्वामी

मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट हादसे का शिकार हो गई जो एक दूसरे से टकरा गई और नाव में 80 यात्री सवार थे. घटना 18 दिसंबर को 3 बजकर 55 मिनट पर हुई. हादसे के बाद 13लोगों की मौत हो गई और तीन लोग अभी लापता हैं और 101 लोग अस्पताल में भर्ती है ऐ प्रशासन की लापरवाही है ना तो क़ोई लाइफ जैकट पहनता था पहने भी तो कैसे दिया जाता ही नहीं जिसकी जाँच करनी चाहिए आखिर लाइफ जैकट इतने गहरे समुद्र में क्यों नहीं अनिवार्य किया जाता है जबकी तालाबों में लाइफ जैकट मिलता है यदि तालाब में नहीं भी मिले तो जान बचाया जा सकता है लेकिन इतना गहरा समुद्र में डूब कर कहाँ जायेगा ऐ बताना मुश्किल है कोस्ट गार्ड के जवान तो ऊपर चक्कर मारते हैं लेकिन डूबने में जब तक बचाने आएंगे तब तक देर हो जाती है जो यात्री सवार थे क्या लाइफ जैकेट पहने थे नहीं तो ऐ प्रशासन की लापरवाही है लाइफ़जैकेट, जिसे पर्सनल फ्लोटेशन डिवाइस (PFD) या बाउंसी वेस्ट के नाम से भी जाना जाता है, उपयोगकर्ता को पानी में तैरता हुआ रखेगा, जिससे उसके बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। जैसा कि नाम से पता चलता है, यह आपातकालीन स्थिति में आपकी जान बचा सकता है, जिससे आपको बचाए जाने के लिए अधिक समय मिल सकता है अत: मैं भी एक बार गया था देखा छोटी बोट भी चलती है और क़ोई लाइफ जैकेट भी नहीं था जान से इस तरह खेलवाड़ करना लापरवाही है कुल मिलाकर, महासागर काफी गहरा है; हालाँकि, इसका तल समतल या एक समान नहीं है, जिसका अर्थ है कि महासागर में पानी की गहराई भी अलग-अलग होती है। महासागर में सबसे गहरी जगह 10,935 मीटर (35,876 फीट) है और यह प्रशांत महासागर के मारियाना ट्रेंच में चैलेंजर डीप नामक स्थान पर पाई जाती है।

# कोलकाता से राष्ट्रीय गठबंधन का संचालन कैसे

हरिशंकर व्यास

अगर संसद के शीतकालीन सत्र में पहले तीन हफ्ते की कार्यवाही की रोशनी में विपक्षी राजनीति को देखें तो यह सवाल उठता है कि अगर राहुल गांधी या मल्लिकार्जुन खडगे् नेता नहीं होते हैं और ममता बनर्जी को कमान मिलती है तो विपक्षी राजनीति का स्वरूप कैसा होगा? क्या ममता बनर्जी विपक्षी गठबंधन को एक रखते हुए उसे भाजपा के खिलाफ ज्यादा प्रभावी तरीके से लडने् के लिए तैयार कर पाएंगी? यह बड़ा सवाल है क्योंकि एक तो ममता बनर्जी ने कहा है कि वे पश्चिम बंगाल नहीं छोड़ेंगी और वहीं रह कर विपक्षी गठबंधन का संचालन करेंगी। कोलकाता से कैसे राष्ट्रीय गठबंधन का संचालन होगा, यह समझना मुश्किल है। ऐसा लग रहा है कि वे डेढ़ साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले की पोजिशनिंग कर रही हैं। वे अपने को राष्ट्रीय नेता और कोलकाता को शक्ति पीठ दिखाना चाहती हैं ताकि बांग्ला मानुष में गर्व की भावना भर सकें और अगला चुनाव जीत सकें। यही राजनीति पिछले साल तेलंगाना में के चंद्रशेखर राव ने की था। उन्होंने तेलंगाना राष्ट्र समिति का नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति किया था और अपने को राष्ट्रीय नेता बताना शुरू किया था लेकिन वे चुनाव में पीट गए थे।

अब ममता बनर्जी वही राजनीति कर रही है। उनका मकसद किसी तरह से 2026 का विधानसभा चुनाव जीतना है। उनको पता है कि अगला चुनाव बहुत मुश्किल होगा। लगातार 15 साल के राज की एंटी इन्कम्बैंसी को किसी बड़े गेमप्लान से ही काउंटर किया जा सकता है। दूसरी बात यह है कि ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस एक राज्य की पार्टी है। उन्होंने अनेक राज्यों में पैर फैलाने की कोशिश की लेकिन कामयाबी नहीं मिली। इसलिए बाकी प्रादेशिक पार्टियों के लिए भी उनका नेतृत्व स्वीकार करना मुश्किल होगा। कहने को सभी पार्टियां तैयार हो जाएंगी कि वे विपक्षी गठबंधन की नेता बनें लेकिन वे कोई सामूहिक फैसला सभी पार्टियों से लागू करवा पाएंगी इसमें संदेह है। तीसरी बात यह है कि ममता बनर्जी की प्रकृति अकेले चलने की है। वे हमेशा एकला चलो की राजनीति करती हैं और उनकी राजनीति बंगाल केंद्रित होती है। तभी वे चाहे जिस गठबंधन में रहें वहां उनका टकराव चलता रहता है। वे जब कांग्रेस में थीं तो कांग्रेस के सभी नेताओं से उनका झगड़ा चलता था। फिर जब अपनी पार्टी बनाई और भाजपा से तालमेल किया तो भाजपा से उनकी लड़ाई चलती रही और जब कांग्रेस के गठबंधन में आईं तो वहां भी लड़ाई चलती रहीं। उन्होंने कांग्रेस छोड़ कर अपनी पार्टी बनाई, फिर भाजपा को छोड़ कर कांग्रेस से गठबंधन किया और फिर कांग्रेस को छोड़ कर अकेले लड़ीं। अब फिर वे गठबंधन की नेता बनना चाहती हैं लेकीन उनकी एकला चलो वाली प्रकृति बाधा बनेगी।

भारत के अब तक के राजनीतिक इतिहास को देखें तो किसी प्रादेशिक पार्टी के राष्ट्रीय गठबंधन का नेतृत्व करने की मिसाल नहीं मिलेगी। कांग्रेस के खिलाफ जनता पार्टी बनी तो सभी विपक्षी पार्टियों के विलय से बनी थी। हमेशा सबसे बड़ी पार्टी नेतृत्व करती रही है। एनडीए में भी भले टीडीपी या जनता दल यू के नेता संयोजक होते थे लेकिन नेतृत्व भाजपा के हाथ में ही होता था। संयोजक का पद प्रतीकात्मक होता था। फैसला अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी ही करते थे। सरकारों की बात करें तो उस मामले में भी सबसे बड़ी पार्टी के हाथ में सत्ता होने से ही स्थिरता रहती है। चाहे वीपी सिंह की सरकार हो या चंद्रशेखर की या एचडी देवगौड़ा की सरकार हो या आईके गुजराल की हर बार सबसे बड़ी पार्टी के नेता के हाथ में कमान नहीं थी। वाजपेयी की 1998 की सरकार के अपवाद को छोड़ दें तो उसके बाद 1999, 2004 और 2009 में सबसे बड़ी पार्टी ने कमान संभाली और सरकारों ने कार्यकाल पूरा किया।

बहरहाल, ममता बनर्जी के समर्थन में यह तर्क दिया जा रहा है कि वे भाजपा से लड़ती हैं और सीधी लड़ाई में उसको हरा देती हैं। लेकिन एक प्रदेश में सीधी लड़ाई में भाजपा को हरा देना अगर कोई पैमाना है तो कई नेता दावेदार हो जाएंगे। झारखंड में हेमंत सोरेन ने भी लगातार दो मुकाबले में भाजपा को हराया है और गठबंधन का भी नेतृत्व किया है। दिल्ली में अरविंद केजरीवाल भी लगातार भाजपा को हरा रहे हैं। देश ही नहीं, बल्कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के खिलाफ राष्ट्रीय स्तर पर एक व्यापक आयाम वाला गठबंधन बनाने के लिए सिर्फ यह मानक नहीं तय किया जा सकता है कि जो नेता एक राज्य में भाजपा को हराए उसे राष्ट्रीय नेता बना दिया जाए। उसकी राजनीतिक विचारधारा, भाजपा से सैद्धांतिक लड़ाई लडने् की उसकी क्षमता, उसका राजनीतिक इतिहास, संगठन की ताकत, अखिल भारतीय स्तर पर पार्टी का फुटप्रिंट, नेता की प्रतिबद्ता और दबाव में नहीं आने की क्षमता जैसी कई चीजें देखी जाती हैं। ममता बनर्जी की सीमाएं हैं और वे दबाव में भी हैं। ऐसे ही हर प्रादेशिक पार्टी की सीमाएं होती हैं और वे केंद्र की सत्ता के दबाव में बहुत आसानी से आ जाते हैं। तभी चाहे मंशा कितनी भी सही हो लेकिन राष्ट्रीय गठबंधन का नेतृत्व किसी प्रादेशिक पार्टी को सौंपना कभी भी बहुत फलदायक नहीं होता है। इसलिए किसी प्रादेशिक पार्टी को नेतृत्व सौंपने से इंडिया' का भाजपा से मजबूती से लडने वाला स्वरूप नहीं बन पाएगा।




मेष राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज व्यवसायिक कार्य योजना में बदलाव करेंगे, जिसका अच्छा परिणाम मिलेगा। अनुभवी लोगों का मार्गदर्शन आपकी ग्रोथ के लिए मददगार रहेगा, फिलहाल आपकी इनकम पहले जैसी ही रहेगी । नौकरी कर रहे लोगों को जल्दी ही स्थान परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

वृष राशि-आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है।आज ऑफिस में अत्यधिक कार्यभार बना रहेगा। आज अति आत्मविश्वास के वजाय सोच समझ कर कार्यों को शुरू करें।आज आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे, परिवार के सभी सदस्य मिल-जुल कर गेम्स खेलेंगे। आज आपकी आर्थिक स्थिति अच्छी रहेगी, साथ ही खर्चा भी कम रहेगा।आज अपने संपर्क सूत्रों को और अधिक सुदृढ़ करें, क्योंकि यह आपके लिए लाभदायक साबित होने वाले हैं।

मिथुन राशि-आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज पारिवारिक संपत्ति सम्बन्धी समस्या सुलझ सकता है, जिसमें वरिष्ठ सदस्यों की अहम भूमिका रहेगी। आज स्वास्थ्य के प्रति सावधान रहें। आज खर्चों की अधिकता की वजह से कुछ उलझन में रहेंगे। परंतु जल्दी ही परिस्थितियां आपके अनुकूल हो जाएंगी, इसलिए धैर्य बनाकर रखें। आज दोस्त की किसी समस्या को सुलझाने में आपका योगदान रहेगा।

कर्क राशि-आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है।आपका जो उद्देश्य है, उससे जुड़े विचारों पर आज आप ध्यान देगे। अगर बिजनेस बढ़ाने के लिए योजनाएं बना रहे हैं तो उन पर काम करने के लिए अनुकूल समय है। किसी प्रभावशाली इंसान की सलाह और मदद से आपको नई उपलब्धि मिल सकती है। आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के पास काम ज्यादा रहेगा। अधिकारियों का दबाव भी रहेगा।

सिंह राशि-आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है।परिवार में अपना उचित समय देना वातावरण को मधुर बनाकर रखेगा। आज दिन भर दौड़-धूप तथा मेहनत की अधिकता रहेगी, परंतु कार्य की सफलता आपकी थकान को दूर भी कर देगी। किसी जरूरतमंद मित्र की मदद करने से आपको अच्छा फील होगा। इस राशि के युवाओं को अपने करियर संबंधी प्रयासों में मन मुताबिक परिणाम मिलेंगे।

कन्या राशि-आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है।आज इस बात का भी ध्यान रखें, कि भावनाओं में आकर किसी प्रकार का महत्वपूर्ण निर्णय न ले। माता-पिता बच्चों के साथ दोस्ताना व्यवहार बनाकर रखें, क्योंकि ज्यादा अंकुश लगाना उनके आत्मबल में कमी कर सकता है। आज किसी भी तरह की यात्रा करते समय सावधानी बरते। आज आप अपनी योग्यता व प्रतिभा द्वारा किसी विषम परिस्थिति का सामना करने में सक्षम रहेंगे।

तुला राशि-आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज ऑफिस में वर्कलोड बढ़ सकता है लेकिन आपके द्वारा किया गया काम आपके बॉस को इम्प्रेस करेगा। आज आलस या दूसरों की वजह से अपने महत्वपूर्ण काम को नजरअंदाज ना करें। आर्थिक मामलों में बजट आदि का ध्यान रखना बहुत जरूरी है। आज समझदारी और सावधानी से काम लेने का समय है। आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप ना करके अपने कार्यों में ही व्यस्त और मस्त रहेंगे।

वृश्चिक राशि-आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज आपका पूरा ध्यान अपने महत्वपूर्ण कार्यों को पूरा करने में रहेगा।आज बच्चे आपने माता पिता का ज्यादा ध्यान रखेंगें और बात भी मानेंगे। आज का दिन बहुत ही सुकून भरा रहेगा। परिवार के लिए ऑनलाइन शॉपिंग करेंगे। आपका कुशलता व्यवहार आपको व्यावसाय में सफलता प्रदान करने में मदद करेगा।

धनु राशि-आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज आपके लिए दिन भर भाग-दौड़ की स्थिति बनी रहेगी। कुछ समय आध्यात्मिक गतिविधियों में व्यतीत करने से मानसिक सुकून मिलेगा। अगर कोर्ट में प्रॉपर्टी संबंधित मुकदमा चल रहा है तो आज उसका फैसला आपके पक्ष में आएगा। इस राशि के लोग अपने भविष्य को लेकर गंभीर रहेंगे, आपको जल्दी ही शुभ समाचार मिलने वाला है।

मकर राशि-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी व्यक्ति विशेष के बारे में सोच कर रोमांचित रहेंगे।आज आपको कुछ नए अनुभव मिल सकते हैं। आज पारिवारिक अथवा व्यक्तिगत कारणों की वजह से व्यवसाय के स्थान पर अधिक समय नहीं दे पाएंगे। परंतु फिर भी फोन द्वारा अधिकतर काम सुचारू रूप से संपन्न हो जाएंगे।

कुंभ राशि-आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आस-पास के लोगों के लिए आपका व्यवहार अच्छा रहेगा, आपके अंदर नयी ऊर्जा का संचार होगा। रोजमर्रा की दिनचर्या से सुकून पाने के लिए आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनेगा। नए कार्य की शुरुआत करने में किसी प्रभावशाली व्यक्ति का सहयोग मिलेगा।

मीन राशि-आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज बड़ो का आशीर्वाद मिलेगा, जिससे आपकी सकारात्मकता बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आज व्यापार में चुनौतियों का सामना करने में सक्षम रहेंगे। किसी विपरीत परिस्थिति में घबराने के वजय उसका समाधान ढूंढने का प्रयास करेगे तो सब ठीक हो जायेगा। साथ ही वाणी व गुस्से पर नियंत्रण रखें।


# हंगामा है क्यों बरपा थोड़ा सा जो बहके हैं

राकेश अचल

देश केंद्रीय गृहमंत्री माननीय अमितशाह द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर के बारे में की गयी कथित टिप्पणी को लेकर खामखां परेशान है, शाह का इस्तीफा मांग रहा है। अरे देश को तो खासतौर पार आंबेडकर वादियों को तो अमितशाह और उनकी सरकार की जय-जय करना चाहिए ,की उन्होंने जितना डॉ भीमव आंबेडकर के लिए किया उतना देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने नहीं किया। हमारे अमित भाई तो सपने में भी डॉ आम्बेडकर का अपमान नहीं कर सकते । वे तो डॉ आंबेडकर को मोदी से बड़ा नेता मानते हैं शायद !

संविधान निर्माता डॉ भीमराव अम्बेडकर को न मैंने देखा है और न माननीय अमित शाह साहब न। जब मैंने नहीं देखा तो शाह साहब डॉ अम्बेडकर को कैसे देख सकते है। वे मुझसे पांच साल छोटे हैं और डॉ अम्बेडकर हमारे जन्म से तीन साल पहले ही दिवंगत हो गए थे । शाह साहब तो डॉ आंबेडकर के निधन के 8 या 9 साल बाद इस धराधाम पर आये। उन्हें डॉ अम्वेडकर के बारे में उतना ही ज्ञान है जितना संघ की शाखाओ में प्रबोधनों के जरिये उन्हें मिला। फिर भी मुझे यकीन है कि उन्होंने डॉ आंबेडकर के बारे में कम से कम मुझसे तो ज्यादा पढ़ा ही होगा। तभी तो वे डॉ अम्बेदककार का नाम संसद में बार-बार लिए जाने से भड़क गए।

हकीकत ये है कि अमित साह साहब के कानों को केवल मोदी-मोदी की मंगल ध्वनि सुनने की आदत है इसलिए वे कोई दूसरानाम सुन ही नहीं सकते । बर्दाश्त कर ही नहीं सकते, इसीलिए जब बार-बार डॉ अम्बेडकर का नाम लिया गया तो उनके सब्र का बांध टूट गया और वे कह बैठे की - अभी एक फैशन हो गया है. अंबेडकर, अंबेडकर, अंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता है. अमित शाह साहब ने ये शब्द गुस्से में कहे या प्रेम से कहे इसका तो हमें पता नहीं लेकिन जब उनका ये कथन वायरल हुआ और देशव्यापी प्रतिक्रियाएं आने लग्न तो पूरी भाजपा के अधोवस्त्र पीतांबर होने लगे। बेचारी पीआईबी फैक्ट चेक को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अमित शाह के भाषण का क्लिप्ड और फुल वीडियो शेयर करना पड़ा और सफाई देना पड़ी



की जानबूझकर शाह साहब के भाषण को काट-छांटकर दिखाया जा रहा है।

अब पीआईबी कहती है तो देश को मान लेना चाहिए की हमारे सम्माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह साहब के साथ अन्याय हुआ ह। उन्होंने तो डॉ आंबेडकर जी के प्रति कुछ कहा ही नही। उनके निशाने पर तो भाजपा और संघ के जन्मजात शत्रु पंडित जवाहर लाल नेहरू थे। लोकसभा में नेहरू को माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी ने गरियाया और बाकी की कसर अमित शाह साहब ने पूरी कर दी।

भारतीय जनता पार्टी का कहना है कि विपक्ष अमित शाह के पूरे भाषण को छिपा रहा है और एक छोटे हिस्से को काटकर गलत तरीके से फैला रहा है। चलिए मन लेते हैं की विपक्ष ही इस समूची हरकत के पीछे ह। लेकिन सरकार ये तो बताये की उसने दस साल छह महीने में अम्बेडकरवादियों के कयलन के लिए क्या किया?

अमित शाह तो दरअसल पूरे वीडियो में ये कह रहे हैं की -अ हमें तो आनंद है कि अंबेडकर का नाम लेते हैं. अंबेडकर का नाम अभी 100 बार ज्यादा लो परंतु साथ अपने अंबेडकर जी के प्रति आपका भाव क्या है, ये मैं बताता हूं ? उन्होंने आँखें नचाकर अपने अंदाज में कहा की-अंबेडकर जी ने देश की पहली कैबिनेट से इस्तीफा क्यों दे दिया? अंबेडकर जी ने कई बार कहा कि अनुसूचित जातियों और जनजातियों से हुए व्यवहार से मैं असंतुष्ट हूं. सरकार की विदेश नीति से मैं असहमत हूं और आर्टिकल 370 से मैं असहमत हूं इसलिए मैं मंत्रिमंडल छोड़ना चाहता हूं. उन्हें आश्वासन दिया गया। आश्वासन पूरा नहीं हुआ तो उन्होंने इग्नोरेंस के चलते इस्तीफा दे दिया.। यानि अमित शाह साहब ये साबित करना चाहते थे की डॉ अम्बेडकर अजन्मी भाजपा और दिवागत हो चुकी जनसंघ के अलावा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की तरह पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के विरोधी थे।

अपनी लम्बी और कर्कश जबान की वजह से आलोचनाओं का शिकार हुए अमित शाह अब कहते फिर रहे हैं कि अंबेडकर जी के स्मारक तब बने जब भारतीय जनता पार्टी केंद्र में आई। मऊ में अंबेडकर जी के जन्म स्थान में स्मारक बना. लंदन में जहां अध्ययन करते थे वहां स्मारक बना, नागपुर में शिक्षा-दीक्षा ली वहां स्मारक बना, दिल्ली में महापरिनिर्वाण स्थल पर बना और मुंबई में चैत्य भूमि में भी बन रहा है। शाह साहब का दावा है की हमने पंचतीर्थ बनाए हैं। उन्होंने कहा की मान्यवर मैं मानता हूं कि अंबेडकर जी के सिद्धांतों पर चलना नहीं और वोट के लिए उनकी गुहार लगा देना. 14 अप्रैल को राष्ट्रीय समरसता दिवस घोषित किया हमने. 26 नवंबर को संविधान दिवस घोषित किया, उस वक्त भी इसका विरोध कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने किया.।

डॉ अम्बेडकर ने जिस समाज के लिए लड़ाई लड़ी उस समाज के ऊपर देस्शभर की डबल इंजिन की सरकारों के क्षेत्रों में क़ानून और व्यवस्था के साथ ही दलित, पीड़ित और आदिवासियों के मुद्दों पर जिस तरीके से काम हो रहा है वो किसी से छिपा नहीं है। डॉ अंबेडकर को मानने वाले जानते हैं कि देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने डॉ अम्बेडकर के समर्थकों के लिए कितना किया और भाजपा ने कितना किया । संसद के शीत सत्र का हासिल इसी तरह के विवाद रहे है।संसद के इस सत्र का आगाज भी 25 नम्बंर को हंगामे के साथ हुआ था और समापन भी हंगामे के साथ ही हुआ है। दोनों का श्रेय सीधे-सीधे भारत की सरकार को दिया जा सकता है। देश कि अम्बेडकर वादियों को उतनी ही गंभीरता से अपने अंक से लगना चाहिए जो कि आमीन ।







# संक्षिप्त समाचार

## जयपुर में इवेंट और टेंट कारोबारियों पर आयकर विभाग का छापा, 24 ठिकानों पर छानबीन जारी

जयपुर (आरएनएस)। शहर में गुरुवार सुबह आयकर विभाग ने टेंट कारोबारियों और इवेंट कंपनियों से जुड़े व्यापारियों के ठिकानों पर व्यापक छापेमारी की है। यह कार्रवाई सुबह 7:30 बजे शुरू हुई, जिसमें विभाग की टीमें एक साथ शहर के 24 से अधिक स्थानों पर पहुंचीं। छापेमारी के तहत बनीपार्क, झोटवाड़ा, विद्याधर नगर, मालवीय नगर, राजा पार्क, आदर्श नगर और वीकेआई जैसे इलाकों को टारगेट किया गया। तलाशी में प्रमुख नामों में तालुका टेंट, भावना चारण, प्रितेश शर्मा, आनंद खंडेलवाल, गुंजन सिंघल और जय ओबराय कैटर्स शामिल हैं। इस ऑपरेशन में 140 आयकर अधिकारियों, 70 ड्राइवरों, और 80 पुलिसकर्मियों की टीमें तैनात की गईं। तलाशी व्यापारी के घरों, दफ्तरों, और गोदामों तक विस्तारित की गई है। छानबीन में पाया गया कि कई जगह बिल बुक नहीं मिली, जिससे नकद लेनदेन और टैक्स चोरी की संभावना का पता चलता है। ऑनलाइन रिकॉर्ड और डिजिटल डेटा को भी खंगाला जा रहा है। प्रारंभिक जांच में संकेत मिला है कि ये व्यापारी अधिकांशतः ग्राहकों से ऑफलाइन भुगतान ले रहे थे, जिससे टैक्स चुकाने में गड़बड़ी की संभावना है। आयकर विभाग अब इनकी लेखा पुस्तकों और डिजिटल लेनदेन की गहराई से जांच कर रहा है। इस छापेमारी का उद्देश्य बड़ी शादियों और इवेंट में हो रहे अघोषित लेनदेन और टैक्स चोरी के मामलों का खुलासा करना है। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है और अधिक जानकारी जल्द आने की संभावना है।

## यूपी के शाहजहांपुर में ट्रक ने कार को मारी टक्कर, पांच की मौत

शाहजहांपुर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में बीती रात ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार में सवार पांच लोगों की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि पांच लोग घायल हो गए। पुलिस ने सभी को एंबुलेंस से राजकीय मेडिकल कालेज में भर्ती कराया है। हादसे की जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंच गए। एक परिवार के तीन लोगों की मौत से कोहराम मच गया। इसी परिवार के तीन लोग घायल भी है। जानकारी मिलने के बाद डीएम, एसपी, एसपी सिटी पुलिस बल के साथ राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचे। उन्होंने घायलों का हालचाल जाना। डीएम ने बेहतर इलाज करने के निर्देश दिए हैं। यह घटना थाना मदनापुर क्षेत्र में हुआ है। थाना कांट क्षेत्र के नवादा जिले के रहने वाले 40 साल के रियासत अली, 38 साल की पत्नी आमना बेगम, 7 साल की बेटी गुड़िया, खुशी, सुबहान और अरमान के साथ अपनी कार से दिल्ली जाने के लिए देर रात नौ बजे निकले थे। अर्टिगा कार में उनकी जान पहचान का एक और परिवार बैठा था। घर से निकलते ही जैसे ही कार मदनापुर के बरखेड़ा के पास पहुंची। तभी तेज रफ्तार ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। कार चला रहे रियासत उनकी पत्नी आमना बेगम और उनकी छह साल की बेटी गुड़िया की मौके पर मौत हो गई। जबकि रियासत की बेटी खुशी, बेटे आरमान और सुबहान घायल हो गए। हादसे में कार में ही बैठी सात साल की नूर की मौत हो गई और उसकी मां गुलफशा घायल है। वहीं इसी कार में बैठी अन्नू की भी मौत हो गई। जबकि कार में बैठा उनका बेटा अंश घायल हो गया। सूचना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सभी घायलों को राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर शवों को मारचरी में रखवा दिया है। जबकि घायलों का इलाज किया जा रहा है।

## तेंदुए की घुसपैठ से हड़कंप, वाइल्डलाइफ टीम ने 5 घंटे की मशक्कत के बाद किया काबू

रेवाड़ी (आरएनएस)। हरियाणा के रेवाड़ी जिले के कनुका गांव में बुधवार देर शाम तेंदुए की घुसने से अफरा-तफरी मच गई। तेंदुआ एक प्लॉट में बने टीन शेड में घुसकर आराम करने लगा। गांव के एक युवक ने सूझबूझ दिखाते हुए टीन शेड का गेट बंद कर दिया और तुरंत वन्यजीव विभाग को सूचना दी। गुरुग्राम से वाइल्डलाइफ टीम पहुंची, लेकिन जैसे ही शेड का दरवाजा खोला गया, तेंदुआ दौड़ते हुए इधर-उधर भागने लगा। इस घटना से गांववालों में दहशत फैल गई। ग्रामीणों ने अपने घरों और पशुओं के कमरों के दरवाजे बंद कर दिए। वन्यजीव टीम ने लगभग 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद तेंदुए को पकड़ने में सफलता पाई। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी व्यक्ति या जानवर को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। तेंदुए को सुरक्षित रूप से पकड़कर जंगल क्षेत्र में छोड़ने के लिए ले जाया गया।

### ग्रामीणों की सतर्कता और प्रशासन की तत्परता ने टाला बड़ा हादसा

गांव के युवक की सूझबूझ और वन्यजीव टीम की मेहनत से बड़ा हादसा टल गया। यह घटना वन्यजीवों और इंसानों के बीच बढ़ते टकराव की ओर भी इशारा करती है, जो जंगल क्षेत्रों के घटने और शहरीकरण के बढ़ते दबाव का परिणाम है।

## दौसा में नई मंडी रोड पर कपड़े के गोदाम में लगी आग, 5 दमकल,7 टैंकरों ने 3 घंटे में बुझाई

दौसा (आरएनएस)। शहर के नई मंडी रोड पर एक कपड़े के गोदाम में गुरुवार सुबह आग लग गई। इसमें लाखों रुपए का कपड़ा जलकर खाक हो गया। आग इतनी विकराल थी कि से बुझाने में करीब तीन घंटे लग गए। आग बुझाने में पांच दमकल और सात टैंकर लगाए गए। जेसीबी से गोदाम की दीवार को तोड़ा गया। तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका।प्राप्त जानकारी के अनुसार सुबह 6:00 बजे रमन वधावन के कपड़े के गोदाम में आग लग गई। गोदाम में सिंथेटिक व वूलन कपड़ा भरा हुआ था। इससे आग ने तेजी से विकराल रूप धारण कर लिया। सूचना मिलने पर दमकल मौके पर पहुंच गई। नगर परिषद सभापति कल्पना जैमन के पति नरेंद्र जैमन भी मौके पर पहुंच गए। आग पर काबू पाने के लिए नगर परिषद के अधिकारियों व दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत की। आग पर काबू नहीं पाया तो जेसीबी बुलाकर गोदाम की दीवार को तुड़वाया गया। आग लगने पर आसपास के क्षेत्र में अफरा तफरी मच गई। शेखावाटी स्कूल के पीछे नई मंदिर रोड पर रमन वधावन का मकान और उसके पीछे सटा हुआ कपड़ों का गोदाम है। इस गोदाम के ऊपर बिजली की लाइन है। प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि बिजली के तारों पर बंदरों की उछाल कूद से हुई स्पार्किंग से आग लगी है। हालांकि तकनीकी विशेषज्ञों ने अभी इसकी पुष्टि नहीं की है। लेकिन आग लगने का कारण शार्ट सर्किट ही माना जा रहा है। दमकल कर्मियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाए जाने से आसपास के नागरिकों व अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

# दिल्ली की तरह यूपी और हरियाणा भी लगाएं पटाखों पर बैन, सुप्रीम कोर्ट में प्रदूषण पर 15 जनवरी को सुनवाई



नई दिल्ली (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने 19 दिसंबर को उत्तर प्रदेश और हरियाणा को राष्ट्रीय राजधानी और उसके पड़ोसी क्षेत्रों में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के कारण दिल्ली के समान ही पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू करने का निर्देश दिया। शीर्ष अदालत ने आगे कहा कि 19 दिसंबर 2024 के आदेश के तहत दिल्ली में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध जारी रहेगा और जनवरी 2025 में इसे जारी रखने पर विचार किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने आज दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण के मुद्दे पर सुनवाई की, जिसमें पटाखों पर साल भर के प्रतिबंध, ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (जीआरएपी) और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 को लागू करने पर चर्चा की गई। अदालत ने एनसीआर क्षेत्र के सभी राज्यों को जीआरएपी 4 से प्रभावित सभी श्रमिकों को गुजारा भत्ता देने का भी निर्देश दिया। राज्य सरकारों को यह पता लगाना चाहिए कि कौन से कर्मचारी जीआरएपी 4 से प्रभावित हैं। किसी को केवल पोर्टल पर पंजीकरण पर निर्भर नहीं रहना चाहिए। अगर मजदूरों को गुजारा भत्ता देने के मामले में कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं किया गया तो हम राज्य सरकारों के खिलाफ कोर्ट की अवमानना के तहत कार्रवाई करेंगे. राज्य सरकारें इस मुद्दे पर 5 जनवरी तक जवाब दाखिल करें। सुप्रीम कोर्ट ने एनसीआर राज्यों को पुलिस अधिकारियों, राजस्व अधिकारियों और अन्य विभागों के अधिकारियों की कई टीमें बनाने और उन्हें दिल्ली के प्रवेश बिंदुओं का दौरा करने और जीआरएपी IV उपायों के अनुपालन की निगरानी करने की जिम्मेदारी सौंपने का निर्देश दिया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली की वायु गुणवत्ता गुरुवार को गंभीर प्लस श्रेणी में आ गई, शाम 4 बजे 24 घंटे का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 451 दर्ज किया गया। शहर में प्राथमिक प्रदूषक PM2.5 का स्तर खतरनाक रूप से उच्च स्तर पर देखा गया, 35 निगरानी स्टेशनों में से 32 ने वायु गुणवत्ता को गंभीर प्लस श्रेणी में दर्ज किया। कुछ क्षेत्रों में AQI रीडिंग 470 तक दर्ज की गई। 2.5 माइक्रोमीटर या उससे कम व्यास वाले PM2.5 कण महत्वपूर्ण स्वास्थ्य जोखिम पैदा करते हैं क्योंकि सांस लेने पर वे फेफड़ों में गहराई तक प्रवेश कर सकते हैं।



कांग्रेस महासचिव और सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस के राष्टीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, इंडिया ब्लॉक के सदस्यों के साथ शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में विरोध प्रदर्शन करते हुए.

## अंतरराष्ट्रीय यात्रा परामर्श नरम बनाने के मकसद से विदेश मंत्रालय के साथ काम कर रहे हैं : उमर



श्रीनगर (ए)। जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि सरकार विभिन्न देशों द्वारा जारी यात्रा परामर्शों को नरम बनाने में मदद के लिए विदेश मंत्रालय के साथ काम कर रही है। इन यात्रा परामर्शों के कारण विदेशी पर्यटकों के लिए जम्मू कश्मीर की यात्रा करना च्लगभग असंभव हो गया है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा आयोजित 18वें वार्षिक पर्यटन शिखर सम्मेलन 2024 के एक संवाद सत्र में अब्दुल्ला ने कहा कि जम्मू कश्मीर 30 से 35 वर्षों से जिन परेशानियों से जूझ रहा है उसी के कारण ये अंतरराष्ट्रीय पर्यटन का केंद्र नहीं रहा है उन्होंने कहा कि ऐसा केवल इसलिए है क्योंकि मौजूदा यात्रा परामर्शों के कारण पारंपरिक बाजारों से पर्यटकों के लिए कश्मीर आना लगभग असंभव हो गया है। उन्होंने कहा, इन यात्रा परामर्शों के कारण अगर वे कश्मीर में आते हैं तो उनका बीमा रद्द हो जाता है और यह उनके लिए वर्जित है। इस संबंध में हम भारत सरकार, विशेषकर विदेश मंत्रालय के साथ मिलकर काम कर रहे हैं, ताकि उनके दखल का उपयोग करते हुए कम से कम शुरुआत में इन परामर्शों में नरमी ला सकें।

# इंडिया ब्लॉक ने संसद परिसर में हुई धक्का-मुक्की मामले पर लोकसभा स्पीकर को लिखा पत्र



नई दिल्ली (आरएनएस)। इंडिया ब्लॉक के नेताओं ने संसद परिसर में धक्का-मुक्की मामले को लेकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को पत्र लिखा है। पत्र में इस घटना को लेकर गहरी पीड़ा व्यक्त की गई है। पत्र में कहा गया है, संसद परिसर में हुई घटना को लेकर हम गहरी पीड़ा व्यक्त करते हैं। इंडिया अलायंस के सदस्य शांतिपूर्वक विरोध-प्रदर्शन कर रहे थे और डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर प्रतिमा से मकर द्वार तक मार्च कर रहे थे। पत्र में कहा गया, हालांकि, जैसे ही हमने मकर द्वार से संसद में प्रवेश करने का प्रयास किया, तो विरोध करने वाले सांसदों को प्रवेश करने से रोका गया। हम आपके ध्यान में यह भी लाना चाहेंगे कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ सत्ता पक्ष के तीन सांसदों ने मारपीट की। यह विपक्ष के नेता को दिए गए विशेषाधिकारों का स्पष्ट उल्लंघन है और एक सांसद के रूप में उनकी आधिकारिक क्षमता में उन्हें दिए गए अधिकारों का उल्लंघन है। पत्र में कहा गया, उनका आचरण न केवल राहुल गांधी की व्यक्तिगत गरिमा पर जबरदस्त हमला था, बल्कि हमारी संसद की लोकतांत्रिक भावना के विपरीत था। हमें उम्मीद है कि आप इस मामले को पूरी गंभीरता से लेंगे और उचित कार्रवाई करेंगे। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस घटना में घायल हुए भाजपा सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत का हालचाल जाना।

## दिल्ली में एक्यूआई गंभीर श्रेणी में, न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस



नई दिल्ली (ए)। राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में रही, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब तीन डिग्री कम पांच डिग्री सेल्सियस रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 रहा। शहर के 38 निगरानी केंद्रों में से 32 में वायु गुणवत्ता गंभीर श्रेणी में दर्ज की गई। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51 से 100 को संतोषजनक, 101 से 200 को मध्यम, 201 से 300 को खराब, 301 से 400 को बेहद खराब और 401 से 500 को गंभीर माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि शुक्रवार को बेहद घने कोहरे का पूर्वानुमान जताते हुए येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## अमित शाह को छोड़ देनी चाहिए राजनीति : लालू यादव

पटना (आरएनएस)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने नसीहत दी कि वो राजनीति छोड़ दें। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि अमित शाह पागल हो गए हैं। उन्हें बाबासाहेब अंबेडकर से नफरत है। हम उनके इस पागलपन की निंदा करते हैं। बाबासाहेब अंबेडकर महान शख्सियत हैं। उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए। इससे पहले बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अमित शाह और भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया था। तेजस्वी यादव ने कहा कि बाबासाहेब अंबेडकर हमारे फैशन और जुनून हैं। वह हमारी प्रेरणा के केंद्र है। हम बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे।

# समान नागरिक संहिता के लिए बीजेपी का नया प्लान, संसद से नहीं विधानसभा से होगा लागू




लखनऊ। बीजेपी ने हमेशा से देश में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करने की वकालत की है, और यह मुद्दा जनसंघ के समय से ही पार्टी के एजेंडे का हिस्सा रहा है। जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आई है, तब से इस मुद्दे पर पार्टी ने लगातार जोर दिया है। बीजेपी ने राम मंदिर, अनुच्छेद 370 को हटाने और समान नागरिक संहिता जैसे मुद्दों को अपने राजनीतिक एजेंडे का हिस्सा बनाया था। राम मंदिर का सपना तो साकार हो चुका है, अनुच्छेद 370 को खत्म किया जा चुका है, अब सिर्फ समान नागरिक संहिता को लागू करने का काम बाकी है, जिसे बीजेपी और मोदी सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट के जरिए अयोध्या में राम मंदिर बनाने का रास्ता साफ हुआ, और मोदी सरकार ने संसद के जरिए अनुच्छेद 370 को खत्म किया। साथ ही, संसद के जरिए एक देश, एक चुनाव की दिशा में भी कदम बढ़ाए गए हैं। अब, समान नागरिक संहिता को लागू करने की प्रक्रिया को लेकर बीजेपी ने एक नई रणनीति बनाई है। बीजेपी इस मुद्दे को संसद के बजाय राज्य विधानसभा के माध्यम से आगे बढ़ाने की योजना पर काम कर रही है। इस बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में अपने बयान के माध्यम से संकेत दिए थे। अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर चर्चा करते हुए समान नागरिक संहिता के महत्व को स्पष्ट किया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 44 के तहत हमारा संविधान समान नागरिक संहिता की बात करता है, लेकिन यह अभी तक देश में लागू नहीं हो पाया है। इसके लिए उन्होंने कांग्रेस को दोषी ठहराते हुए कहा कि देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मुस्लिम पर्सनल लॉ लागू किया था, और कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति शुरू कर दी थी।

## पिछले 7 वर्षों में भारतमाला परियोजना के तहत 18,714 किलोमीटर राजमार्गों का हुआ निर्माण : नितिन गडकरी



नई दिल्ली (आरएनएस)। संसद में दी गई जानकारी के अनुसार, भारतमाला परियोजना के तहत 31 अक्टूबर, 2024 तक कुल 26,425 किलोमीटर लंबाई वाली राजमार्ग परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और 18,714 किलोमीटर लंबाई वाले राजमार्गों का निर्माण किया गया है। भारतमाला परियोजना को भारत सरकार ने 2017 में मंजूरी दी थी, जिसमें देश में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने और लॉजिस्टिक लागत को कम करने के लिए 34,800 किलोमीटर की लंबाई वाले राजमार्गों का निर्माण शामिल है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में कहा कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने इस साल 30 अक्टूबर तक भारतमाला परियोजना के तहत 4.72 लाख करोड़ रुपये का निवेश किया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि बंदरगाह और तटीय संपर्क सड़क श्रेणी के तहत, 424 किलोमीटर लंबाई वाली 18 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है और अब तक 189 किलोमीटर का निर्माण किया गया है। भारतमाला योजना के तहत अलग-अलग परियोजनाएं गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और पश्चिम बंगाल सहित अलग-अलग तटीय राज्यों में विभिन्न प्रमुख और छोटे बंदरगाहों को कनेक्टिविटी प्रदान कर रही हैं। एक दूसरे सवाल के जवाब में नितिन गडकरी ने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर 81,540 करोड़ रुपये की लागत से स्वीकृत कुल 3,856 किलोमीटर लंबाई वाली 190 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। सभी निर्माणाधीन कार्यों को सितंबर 2028 तक पूरा करने की योजना है। राज्य में सभी एनएच कार्यों के लिए राज्यवार और वर्षवार आवंटन किया जाता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनएच कार्यों के लिए कुल 19,338 करोड़ रुपये का आवंटन किया गया है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने के लिए कदम उठाए गए हैं। इनमें भूमि अधिग्रहण को सुव्यवस्थित करना और विवाद समाधान मैकेनिज्म को नया रूप देना शामिल है।

# किसान आंदोलन पर सुप्रीम कोर्ट बोला-सीधे हमारे पास आएं प्रदर्शनकारी, डल्लेवाल की सेहत पर सख्त



नई दिल्ली (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की चिकित्सा जांच नहीं कराने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। पंजाब के अधिकारियों के माध्यम से किसान नेता द्वारा मुद्दे के समाधान की इच्छा जताए जाने के बाद न्यायालय ने कहा कि डल्लेवाल के ठीक होने पर अदालत उनसे बात करेगी। कोई भी किसानों को विरोध प्रदर्शन से डिगाने की कोशिश नहीं कर रहा है, केवल उनके नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की सुरक्षा सुनिश्चित करने की कोशिश की जा रही है। सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार से कहा कि डल्लेवाल को कम से कम एक सप्ताह तक इलाज कराने के लिए राजी करें और अन्य लोग प्रदर्शन जारी रख सकते हैं। भारतीय किसान यूनियन (सिद्धूपुर) के प्रवक्ता गुरदीप सिंह चहल ने कहा कि गुरुवार को डल्लेवाल की तबीयत खराब होने पर भी वह लगभग 10 मिनट तक बेहोश रहे, सरकार के सूत्रों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश ने राज्य पर फिर से ध्यान केंद्रित कर दिया है। हालाँकि, यह कोई नई बात नहीं है। पंजाब पुलिस के अधिकारी सीमा पर आंदोलनकारी किसानों के संपर्क में हैं। लेकिन डल्लेवाल दृढ़ हैं। वह कोई चिकित्सीय सहायता नहीं लेना चाहता। काफी समझाने के बाद वह कुछ दिन पहले अपनी चिकित्सकीय जांच कराने के लिए सहमत हुए थे। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद पंजाब सरकार ने स्पेशल डीजीपी अर्पित शुक्ला को खनौरी बॉर्डर पर जाकर डल्लेवाल को मनाने की जिम्मेदारी सौंपी है।




भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने पार्टी सदस्यों के साथ नई दिल्ली में शीतकालीन सत्र के दौरान संसद में विपक्षी नेताओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# धक्कामुक्की कांड पर कांग्रेस की सफाई पर बीजेपी का काउंटर अटैक, पूछा- अब गुंडे संसद जाएंगे ?

नई दिल्ली (ए)। केंद्रीय मंत्री शिवराज चौहान ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल गांधी ने अभी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हमें लगा कि वे आज की घटना पर माफ़ी मांगेंगे। लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया। मुझे समझ नहीं आया कि उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस क्यों की। उनकी प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका अहंकार झलक रहा था। मैं उनका व्यवहार देख रहा था। लेकिन आज उन्होंने (राहुल गांधी) जो किया वह सभ्य समाज के लिए अकल्पनीय है। आज जब भाजपा सांसद मकर द्वार पर विरोध कर रहे थे, तो राहुल गांधी वहां आ गए। सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें अंदर जाने के लिए दूसरी जगह का इस्तेमाल करने को कहा। लेकिन वे जानबूझकर वहां आए। उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में भी उनका अहंकार झलक रहा था। आज मेरा मन भारी है, व्यथित है, पीड़ा से भरा हुआ है। मैं एक दर्जन बार लोकसभा और विधानसभा का सदस्य रहा हूं। मैंने सांसदों और विधायकों के व्यवहार और आचरण को देखा है। लेकिन आज जो संसद में हुआ उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। अशालीन, अशोभनीय और गुंडागर्दी से भरा व्यवहार किया गया। जिसकी सभ्य समाज कल्पना भी नहीं कर सकता। मैं कई बार विधानसभा या लोकसभा का सदस्य रहा हूं। विधानसभा और संसद दोनों में मैंने सांसदों और विधायकों का आचरण देखा है। हालाँकि, आज संसद में जो हुआ वह अकल्पनीय था। यह एक अशोभनीय कृत्य था जिसे सभ्य समाज स्वीकार नहीं कर सकता। हमारी एक आदिवासी सांसद बहन श्रीमती कोन्याक ने जो कुछ कहा है, वो सुनकर व्यथा से हम भर जाते हैं। उन्होंने सभापति जी को शिकायत की है कि उनके साथ अशालीन, असभ्य, अमर्यादित व्यवहार किया गया। सभापति कह रहे हैं कि वह उनके पास रोती हुई आई थी। क्या महिला आदिवासी सांसद के साथ ऐसा व्यवहार किया जाएगा, क्या उनके इतने निकट पहुंचे कि वो असहज हो जाएं। मां-बहन-बेटी का सम्मान भारत की प्राथमिकता रही है। लेकिन महिला आदिवासी सांसद के साथ ऐसे व्यवहार की कोई कल्पना कर सकता है क्या ? क्या हो गया है राहुल गांधी और कांग्रेस को ? जब मैं देखने गया तो मुकेश राजपूत उस समय तक होश में नहीं थे। उनकी MRI की जा रही है। क्या संसद में ऐसे दृश्य देखे जाएंगे, क्या तर्कों का सहारा लेने की बजाय शारीरिक ताकत का प्रयोग किया जाएगा। सांसदों को ये अधिकार है कि वो किसी बात पर विरोध प्रकट करें।

# कृति सेनन ने बताया शादियों में किस गाने पर झूमना उन्हें है पसंद



एक्ट्रेस कृति सेनन अपने खास दोस्त कबीर बहिया के साथ उनके रिश्तेदार की शादी में नजर आईं। अभिनेत्री ने बताया कि भारतीय शादियों में बजने वाला उनका सबसे पसंदीदा गाना कौन सा है?

कृति ने इंस्टाग्राम पर सेरेमनी की कई तस्वीरें साझा कीं। जिसमें वह अलग-अलग आउटफिट में नजर आ रही हैं। इसमें से एक तस्वीर में वह अपने हाथों पर मेहंदी लगवाती हुई दिखाई दी।

कृति ने कैप्शन में लिखा, भारतीय शादियों और सुखबीर के ओह हो हो हो पर डांस करने का कुछ अलग ही मजा है!

सोशल मीडिया पर अपने खास दोस्त के साथ तस्वीर सामने आने के बाद यह चर्चा तेज हो गई थी कि क्या दोनों रिश्ते में हैं।

बता दें कि कृति और कबीर की डेटिंग की अफवाहें तब शुरू हुईं, जब उनकी एक साथ ट्रिप की तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हुई थी। दोनों ने अपने रिश्ते की अफवाहों को न तो स्वीकार किया है और न ही नकारा है।

हाल ही में अभिनेत्री ने यूके स्थित व्यवसायी कबीर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं देने के लिए एक तस्वीर साझा की थी। उन्होंने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, जन्मदिन मुबारक हो कबीर! आपकी मासूम मुस्कान हमेशा बनी रहे!

वर्क फ्रंट की बात करें, तो कृति तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया, क्रू और दो पत्ती जैसी फिल्मों में अपनी अदायगी से सबका दिल जीत चुकी हैं।

हाल ही में आई दो पत्ती एक मिस्ट्री थ्रिलर थी। जिसका निर्देशन शशांक चतुर्वेदी ने किया तो स्टोरी कनिका ढिल्लों ने लिखी। फिल्म में कृति डबल रोल में थीं। इसे अक्टूबर 2024 में नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था।

कृति अपनी बेबाकी को लेकर भी सुर्खियों में रहती हैं। इसी महीने कृति ने आईएफएफआई में यह कहकर चौंका दिया कि नेपोटिज्म के लिए सिर्फ फिल्म इंडस्ट्री ही जिम्मेदार नहीं है।

कृति ने कहा, बेशक इंडस्ट्री ने मुझे गले लगाया। इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि जब आप फिल्म बैकग्राउंड से नहीं होते हैं, तो आपको यहां तक पहुंचने के लिए बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। जिन अवसरों की आप चाह रखते हैं, उन्हें पाने में भी वक्त लगता है। आपको मैगजीन के कवर पर आने में भी समय लगता है। इसलिए हर चीज़ में थोड़ा संघर्ष होता है। लेकिन अगर आप 2-3 फिल्मों के बाद भी कड़ी मेहनत करते रहें और उसी में लगे रहें, तो कोई भी चीज़ आपको रोक नहीं सकती।

हालांकि, अभिनेत्री ने कहा भाई-भतीजावाद के लिए केवल बॉलीवुड जिम्मेदार नहीं है।

उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि केवल फिल्म इंडस्ट्री ही नेपोटिज्म के लिए जिम्मेदार नहीं है। इसमें मीडिया और वो दर्शक भी शामिल हैं, जो सिर्फ फिल्मों में स्टार किड्स को ही देखना पसंद करते हैं। इसके बाद इंडस्ट्री में यह धारणा बन जाती है कि जब दर्शक ही स्टार किड्स की फिल्मों के देखना चाहते हैं, तो क्यों न उनके साथ ही फिल्में बनाई जाए। उन्होंने आगे कहा, मुझे लगता है कि यह एक चक्र है। लेकिन अगर आप प्रतिभाशाली हैं, तो आपको जरूर सफलता हासिल होगी। अगर आप प्रतिभाशाली नहीं हैं और दर्शकों से आपका कनेक्शन नहीं है, तो आप सफल नहीं हो पाएंगे।

## बेबी जॉन में डबल रोल में नजर आएंगे वरुण धवन, नया पोस्टर आया सामने

अभिनेता वरुण धवन इस साल का समापन एक धमाकेदार अंदाज में करने जा रहे हैं। उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म बेबी जॉन की रिलीज बेहद नजदीक है। इन दिनों वह फिल्म के प्रचार-प्रसार में व्यस्त हैं। यह फिल्म क्रिसमस के मौके पर यानी 25 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने को तैयार है।इससे पहले अब निर्माताओं ने बेबी जॉन का नया पोस्टर साझा किया है, जिसमें वरुण डबल रोल में नजर आ रहे हैं।

बेबी जॉन में वरुण डबल रोल में नजर आएंगे और यह पहला मौका होगा, जब अभिनेता अपने करियर में फिल्म में डबल किरदार निभाने वाले हैं। वरुण के एक किरदार का नाम डीसीपी सत्या वर्मा है, जबकि दूसरे का जॉन।बेबी जॉन की स्टार कास्ट की बात करें तो इस फिल्म में वरुण के अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी और राजपाल यादव जैसे सितारे भी अभिनय करते नजर आएंगे। जैकी श्रॉफ और सान्या मल्होत्रा भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं।



## ऑस्कर 2025 के लिए शॉर्टलिस्ट हुई हिंदी फिल्म संतोष, लापता लेडीज को दी मात

ऑस्कर 2025 के लिए शॉर्टलिस्ट होने वाली फिल्मों का नाम जानने के लिए दुनियाभर के दर्शक बेहद उत्साहित थे। अब आखिरकार शॉर्टलिस्ट हुई फिल्मों की सूची जारी हो गई है।भले ही फिल्मी दुनिया के इस सबसे बड़े पुरस्कार समारोह में भारत की आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में भेजी गई आमिर खान और किरण राव की फिल्म लापता लेडीज नामांकन पाने से पहले ही रेस से बाहर हो गई हो, लेकिन हिंदी फिल्म संतोष ने जरूर बाजी मार ली है।

ऑस्कर 2025 में 15 फिल्में इंटरनेशनल फीचर फिल्म की श्रेणी में शॉर्टलिस्ट हुई हैं।इस सूची में आई एम स्टिल हीयर से लेकर, फ्लो और एमिलिया पेरेज जैसी फिल्में शामिल हैं।ऑस्कर में सुनीता रजवार और शहाणा गोस्वामी की फिल्म संतोष भी शॉर्टलिस्ट हुई है, लेकिन इस फिल्म को ब्रिटेन ने आधिकारिक प्रविष्टि के रूप में चुना था।भारत की ओर से इंटरनेशनल फीचर फिल्म की श्रेणी में ऑस्कर भेजी गई लापता लेडीज रेस से बाहर हो गई है।

संतोष ब्रिटेन की तरफ से ऑस्कर 2025 में बेस्ट इंटरनेशनल फीचर फिल्म की दौड़ में शामिल है।इस फिल्म को बाफ्टा की तरफ से चुना गया था।संतोष का प्रीमियर कान्स फिल्म फेस्टिवल में भी हो चुका है, जहां इसने जमकर वाहवाही लूटी थी।इसे ब्रिटेन में बड़े पैमाने पर रिलीज किया गया था। इस फिल्म का निर्देशन संध्या सूरी ने किया है। इसे बनाने में ब्रिटिश निर्माताओं का भी काफी सहयोग रहा है।

इस फिल्म में सुनीता और शहाणा मुख्य भूमिका में हैं। यह एक इंवेस्टिगेटिव थ्रिलर फिल्म है।कहानी की बात करें तो इसमें एक महिला (संतोष) है, जिसकी नई शादी हुई है, लेकिन पति के गुजर जाने के बाद उसकी पुलिस कांस्टेबल वाली नौकरी पत्नी को मिली है, जिसके बाद वह एक लड़की की हत्या की गुत्थी सुलझाती दिखती है।संतोष के किरदार में जहां शहाणा खूब जमीं, वहीं सुनीता ने भी अपने दमदार किरदार से फिल्म में जान डाल दी।

## ये काली काली आंखें के तीसरे सीजन का ऐलान, जल्द नेटफ्लिक्स पर रिलीज होगी वेब सीरीज




ये काली काली आंखें सीरीज जल्द अपने तीसरे सीजन के साथ ओटीटी पर वापसी करके के लिए पूरी तरह से तैयार है। इतना ही नहीं ये सीरीज इतनी मस्त है कि टॉप 10 सीरीज में ट्रैंड भी करने लगी है। अब इस सीरीज के फर्स्ट और सेकंड सीजन के फैंस तो बेहद ही हैप्पी कर दिया, और अब मेकर्स ने इसके नए सीजन का बड़ा एलान भी कर दिया है। इस सीरीज के निर्देशक सिद्धार्थ सेनगुप्ता ने सीजन 3 को लेकर अपनी राय लोगों के साथ शेयर की है, इतना ही नहीं इस बारें में उन्होंने जानकारी दी है कि अगले सीजन में विक्रांत, पूर्वा और शिखा के रिश्ते के ट्विस्ट को दिखाया जाने वाला है। सीजन 2 जहां खत्म हुआ वहीं से तीसरे सीजन की शुरुआत वहां से ही की जाने वाली है। इस सीरीज के तीसरे सीजन में पूर्वा के बीते कल के बारें में बताया जाने वाला है. इतना ही नहीं इस सीरीज में और भी कई ट्विस्ट एंड टर्न्स देखने के लिए मिलने वाला है, वहीं सीरीज में विक्रांत, शिखा, गुरु, जलन और अखिल की जिंदगी में कई बड़े बदलाव भी देखने के लिए मिल सकते है।

ये काली काली आंखें सीरीज का तीसरा सीजन जल्द नेटफ्लिक्स पर ही रिलीज किया जाने वाला है। सीरीज के पहले और दूसरे सीजन को दर्शकों ने भर भर कर प्यार भी दिया है, इसके पश्चात निर्देशक ने तीसरे सीजन के रिलीज को लेकर बड़ा एलान कर दिया। इस सीरीज में ट्विस्ट-टर्न, एक्शन, ड्रामा और बेहतरीन गाने भी इस सीजन में जोड़े जाने वाले है। अब तो इस पर मेकर्स का मानना है कि दूसरे सीजन की रिलीज के उपरांत भी पहले सीजन को फैंस देख रहे थे।

इस सीरीज में पूर्वा (आंचल सिंह), विक्रांत (ताहिर राज भसीन) और शिखा (श्वेता त्रिपाठी) तीनों ने अपने जटिल रिश्तों, जुनूनी प्यार को इस सीरीज के माध्यम से दिखाया है। इस शो की कास्ट और कहानी को फैंस से बहुत सपोर्ट मिला है। सीरीज की सक्सेस से इसके कलाकार भी बहुत खुश हैं। इस कहानी के दूसरे सीजन में ताहिर राज भसीन, आंचल सिंह और श्वेता त्रिपाठी के साथ गुरमीत चौधरी भी नजर आए।


## शाहिद कपूर और तृप्ति डिमरी की फिल्म की रिलीज तारीख का ऐलान, कब शुरू होगी शूटिंग?



अभिनेता शाहिद कपूर को पिछली बार फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था, जिसमें उनके काम की खूब प्रशंसा हुई। यह फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर उपलब्ध है।आने वाले दिनों में शाहिद एक से बढ़कर एक फिल्मों में अपनी मौजूदगी दर्ज करवाएंगे, जिनमें एक जाने-माने निर्माता साजिद नाडियाडवाला की फिल्म नाम भी शामिल है।अब इस फिल्म की रिलीज तारीख से पर्दा उठ गया है। आइए बताते हैं यह फिल्म कब रिलीज होगी।

शाहिद और नाडियाडवाला की फिल्म 5 दिसंबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल इस फिल्म के शीर्षक से पर्दा नहीं उठा है।इस फिल्म की शूटिंग 6 जनवरी, 2025 से शुरू हो जाएगी। विशाल भारद्वाज ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में शाहिद की जोड़ी अभिनेत्री तृप्ति डिमरी के साथ बनी है।इसके अलावा नाना पाटेकर और रणदीप हुड्डा जैसे सितारे भी फिल्म में अभिनय करते नजर आएंगे।

## नितिन और श्रीलीला की मोस्ट अवेटेड फिल्म रॉबिनहुड की रिलीज आगे खिसकी



नितिन और श्रीलीला की आगामी एक्शन ड्रामा फिल्म रॉबिनहुड को लेकर निर्माताओं ने एक अहम जानकारी सोशल मीडिया पर शेयर की है, जिसे देखने के बाद नितिन और श्रीलीला के प्रशंसक थोड़ा निराश हो सकते हैं। साउथ अभिनेता नितिन और पुष्पा 2 द रूल में किसिक सॉन्ग से सभी का दिल जीत चुकीं श्रीलीला अब फिल्म रॉबिनहुड में नजर आएंगे। यह एक एक्शन ड्रामा फिल्म होगी, जिसको माइथ्री मूवी मेकर द्वारा निर्मित किया जा रहा है, लेकिन जहां यह फिल्म पहले अपनी निर्धारित तारीख पर रिलीज की जा रही थी, वहीं अब निर्माताओं ने सोशल मीडिया हैंडल पर नई रिलीज डेट के लिए एक पोस्ट शेयर किया है। पुष्पा 2 द रूल के निर्माता माइथ्री मूवी मेकर अब अपने अगले प्रोजेक्ट रॉबिनहुड के लिए कमर कस रहे हैं। उनका अगला प्रोजेक्ट का नाम है रॉबिनहुड। इस फिल्म में नितिन और श्रीलीला रोमांस करते नजर आएंगे। लेकिन फिल्म निर्माताओं ने जहां इसकी रिलीज डेट पहले 25 दिसंबर, क्रिसमस पर रखी थी। अब उन्होंने इसे बदलने का फैसला लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म में पहले रश्मिका मंदाना को लिया जा रहा था, लेकिन कुछ कारणों की वजह से अब इस फिल्म में मुख्य किरदार में श्रीलीला नजर आएंगी। ऐसा पहली बार है जब किसी फिल्म में नितिन और श्रीलीला की जोड़ी नजर आएगी।

## बॉक्स ऑफिस पर हिंदी में सबसे कमाऊ फिल्म बनी पुष्पा 2, सबसे तेज और पहले पार किया 600 करोड़ का आंकड़ा

पुष्पा 2: द रूल इस वक्त देश और दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर छाई हुई है. पुष्पा 2: द रूल वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 1500 करोड़ रुपये के करीब पहुंच रही है और भारत में 1000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार होने जा रहा है. वहीं, पुष्पा 2: द रूल देश से विदेश और तेलुगू से हिंदी समेत सभी भाषाओं में धमाल मचा रही है. अब अल्लू अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2: द रूल ने हिंदी पट्टी में नया रिकॉर्ड कायम किया है. पुष्पा 2: द रूल ने हिंदी में कमाई का 600 रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है. अब ऐसा करने वाली पुष्पा 2: द रूल साउथ ही नहीं बल्कि इंडियन सिनेमा की पहली फिल्म बन गई है।

बता दें, पुष्पा 2 इंडियन फिल्म इंडस्ट्री की इकलौती ऐसी फिल्म बन गई है, जिसने हिंदी बॉक्स ऑफिस पर सबसे तेज 600 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है. पुष्पा 2 ने ने रिकॉर्ड अपने 13वें दिन की कमाई से खड़ा किया है. अपनी रिलीज के दो हफ्ते पूरे होने से पहले पुष्पा 2 ने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री की सभी फिल्मों को कमाई के मामले में धूल चटा दी है. बता दें, घरेलू बॉक्स ऑफिस (सभी भाषाओं में) पुष्पा 2 ने 953 करोड़ रुपये कमा लिए हैं और फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन 1450 करोड़ रुपये के करीब पहुंच चुका है. पुष्पा 2 इंडियन बॉक्स ऑफिस पर कोरोना के बाद सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है. पुष्पा 2 आज कल में इंडिया में सभी भाषाओं में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बाहुबली 2 का रिकॉर्ड (1030 करोड़ रुपये) तोड़ने जा रही है. वहीं, वर्ल्डवाइड कमाई में पुष्पा 2 तीसरी सबसे ज्यादा कमाऊ फिल्म बन गई है।

## हिचकी से राहत पाने के लिए इन 5 तरीकों से इस्तेमाल करें डिल सीड ऑयल



हिचकी आना एक आम समस्या है, जो कभी भी और कहीं भी हो सकती है। इससे निपटने के कई तरीके हैं, लेकिन क्या आपने कभी डिल सीड ऑयल का इस्तेमाल करने के बारे में सोचा है?यह एसेंशियल ऑयल प्राकृतिक रूप से हिचकी को रोकने में मदद कर सकता है। डिल सीड ऑयल का इस्तेमाल करके आप हिचकी से राहत पा सकते हैं।आइए इसके कुछ खास इस्तेमाल और तरीके जानते हैं, जिनसे आप इसे आजमा सकते हैं।

**डिल सीड ऑयल की मालिश करें**

हिचकी आने पर पेट पर हल्की मालिश करना बहुत फायदेमंद हो सकता है।इसके लिए आप डिल सीड तेल का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस तेल को हल्का गर्म करके पेट पर गोलाकार गति में मालिश करें। इससे मांसपेशियों को आराम मिलेगा और हिचकी कम होगी।यह उपाय न केवल हिचकी को रोकने में मदद करता है, बल्कि पेट की अन्य समस्याओं से भी राहत दिला सकता है।

**पानी में मिलाकर पिएं**

डिल सीड ऑयल को पानी में मिलाकर पीना भी एक अच्छा उपाय है।इसके लिए एक गिलास गुनगुने पानी में 2-3 बूंदें डिल सीड ऑयल की डालें और धीरे-धीरे पिएं।यह उपाय आपके पाचन तंत्र को शांत करेगा और हिचकी से राहत दिलाएगा। इससे आपके पेट की मांसपेशियों को भी आराम मिलेगा, जिससे हिचकी जल्दी ठीक हो सकती है।इस विधि का उपयोग करने से आपको तुरंत राहत मिल सकती है और यह पूरी तरह से प्राकृतिक तरीका है।

**भाप लें**

भाप लेना भी हिचकी रोकने का एक असरदार तरीका हो सकता है।इसके लिए एक बर्तन में गर्म पानी लें और उसमें 2-3 बूंदें डिल सीड तेल डालें। अब इस पानी से निकलने वाली भाप को अपने मुंह और नाक से अंदर लें।इससे आपकी सांस लेने की प्रक्रिया सुधरेगी और हिचकी कम होगी। यह उपाय आपके श्वसन तंत्र को भी आराम देगा और आपको तुरंत राहत मिलेगी।

**चाय बनाएं**

आप चाहें तो डिल सीड तेल की चाय भी बना सकते हैं।लाभ के लिए एक कप गर्म पानी में 2-3 बूंदें तेल की डालकर इसे अच्छे से मिलाएं और धीरे-धीरे पिएं।यह चाय आपके शरीर को आराम देगी और हिचकी दूर करेगी। इस चाय का सेवन करने से न केवल हिचकी में राहत मिलेगी, बल्कि यह आपके पाचन तंत्र को भी बेहतर बनाएगी और आपको ताजगी का अनुभव होगा।

# कैसे की जाती है बियर प्लैंक एक्सरसाइज? जानिए एक्सरसाइज का अभ्यास और फायदे



बियर प्लैंक एक प्रभावी एक्सरसाइज है, जो शरीर को कई लाभ प्रदान करने में मदद कर सकती है।यह एक्सरसाइज न केवल पेट की मांसपेशियों को मजबूत बनाता है, बल्कि पूरे शरीर की ताकत और संतुलन में भी सुधार करता है।इसे करने के लिए किसी विशेष उपकरण की आवश्यकता नहीं होती, जिससे इसे कहीं भी और कभी भी किया जा सकता है।यह सरल एक्सरसाइज आपकी फिटनेस दिनचर्या में आसानी से शामिल की जा सकती है।

**बियर प्लैंक कैसे करें?**

बियर प्लैंक करने के लिए सबसे पहले अपने हाथों और घुटनों पर आ जाएं, फिर घुटनों को जमीन से थोड़ा ऊपर उठाएं ताकि आपका शरीर एक सीधी रेखा में हो।ध्यान रखें कि पीठ सीधी रहे और पेट अंदर की ओर खिंचा हुआ हो। इस स्थिति में 30 सेकंड से 1 मिनट तक रहें।अगर आप इसे पहली बार कर रहे हैं तो शुरुआत में कम समय तक करें और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं। इससे आपकी कोर मांसपेशियां मजबूत होंगी।

**बियर प्लैंक करने से मिलने वाले फायदे**

बियर प्लैंक करने से आपके पेट, कंधे, पीठ और पैरों की मांसपेशियां मजबूत होती हैं।यह एक्सरसाइज आपके संतुलन और स्थिरता को बेहतर बना सकती है, जिससे रोजमर्रा के कामों में आसानी होती है।इसके अलावा यह आपकी मुद्रा सुधारने में भी मदद करता है। बियर प्लैंक करने से शरीर की स्थिरता बढ़ती है और चोट लगने का खतरा कम होता है।यह एक्सरसाइज आपकी फिटनेस को अगले स्तर पर ले जाने में सहायक होता है।

**बियर प्लैंक करते समय सावधानियां**

बियर प्लैंक करते समय ध्यान रखें कि आपकी पीठ सीधी रहे और कूल्हे नीचे न झुकें। अगर आपको पीठ या कंधे में दर्द महसूस हो तो तुरंत रुक जाएं और आराम करें।शुरुआत में इसे कम समय तक करें, जैसे 20-30 सेकंड, और धीरे-धीरे समय बढ़ाएं। इस एक्सरसाइज को करते समय सांसों पर ध्यान दें और पेट की मांसपेशियों को कसकर रखें।इससे आपकी कोर मांसपेशियां मजबूत होंगी और चोट लगने का खतरा कम होगा।

**बियर प्लैंक के साथ की जा सकती हैं ये अन्य एक्सरसाइज**

बियर प्लैंक के साथ आप साइड प्लैंक, माउंटेन क्लाइंबर्स या लेग रेज जैसी एक्सरसाइज कर सकते हैं। ये सभी एक्सरसाइज मिलकर आपके कोर को मजबूत बनाने का काम करेंगे। इन्हें अपनी दिनचर्या में शामिल करके आप बेहतर परिणाम पा सकते हैं।इस प्रकार बियर प्लैंक एक सरल लेकिन प्रभावी तरीका है अपनी फिटनेस बढ़ाने का। इसे नियमित रूप से करें और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

## गाजा : इजरायली हमलों में कम से कम 24 फिलिस्तीनियों की मौत

गाजा(ए.) । गाजा पट्टी में इजरायली हमलों में कम से कम 24 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, बुधवार को इजरायली लड़ाकू विमानों ने उत्तरी गाजा के बेत हनौन शहर में एक घर पर एयर स्ट्राइक की।



गाजा में सिविल डिफेंस के प्रवक्ता महमूद बसल ने सिन्हुआ को बताया कि हमले में दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हुई तथा कई अन्य अभी भी मलबे के नीचे लापता हैं।

बसल के अनुसार, उत्तरी गाजा में एक अलग घटना में, जबालिया क्षेत्र में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर एक इजरायली ड्रोन ने हमला किया किया। हमले में दो और लोग मारे गए और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के मुताबिक उत्तरी गाजा स्थित अल-अवदा अस्पताल ने एक बयान में कहा कि तड़के बेत लाहिया शहर में एक इमारत पर इजरायली एयर स्ट्राइक में एक पैरामेडिक की मौत हो गई।

बयान में कहा गया कि इजरायली सेना ने अस्पताल के पास एक रोबोट विस्फोट किया, जिससे मेडिकल कर्मचारियों और रोगियों को चोटें आईं, हालांकि उनकी सटीक संख्या और स्थिति का खुलासा नहीं किया गया।

## ग्रीस वोट हादसा : 35 और पाकिस्तानी नागरिकों की मौत की पुष्टि, मृतकों में ज्यादातर नाबालिग



इस्लामाबाद (ए.)। ग्रीस में नाव पलटने की घटना में कम से कम 40 पाकिस्तानियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। हालांकि शुरूआत में बताया गया था कि यूरोप में अवैध रूप से प्रवेश करने की कोशिश करते समय डूबने से 5 पाकिस्तानी नागरिक मारे गए।

ग्रीक अधिकारियों ने बुधवार को जब बचाव अभियान समाप्त करने की घोषणा की, तो 35 पाकिस्तानियों को मृत घोषित कर दिया गया।

पाकिस्तानी नागरिकों को मानव तस्करी रैकेट के जरिए लीबिया के रास्ते अवैध रूप से यूरोप भेजा जा रहा था। जानकारी के अनुसार, मृतकों में से अधिकांश नाबालिग या किशोर थे जो पंजाब प्रांत से ताल्लुक रखते थे। इनमें से ज्यादातर सियालकोट, गुजरात, मंडी बहाउद्दीन और नारोवाल जिलों के थे। इस घटना के बाद पाकिस्तान सरकार ने संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के तहत एक विशेष टास्क फोर्स बनाने और देश में मानव तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का फैसला किया। प्रारंभिक जांच से पता चला है कि पाकिस्तानियों को लीबिया के लिए वीजा जारी किया गया था, जहां से उन्हें नावों पर ग्रीस ले जाया गया था। इस मामले में अब तक कम से कम छह मामले दर्ज किए गए हैं और चार संदिग्धों को हिरासत में भी लिया गया है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अधिकारियों को मानव तस्करों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। ग्रीस के तट पर नाव पलटने की ताजा घटना अपनी तरह की पहली घटना नहीं है।

### पाकिस्तान : खैबर पख्तूनख्वा में सुरक्षा बलों का बड़ा एक्शन, 11 आतंकियों को किया ढेर

पेशावर (ए.) । पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने अशांत उत्तर-पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तीन अलग-अलग अभियानों में 11 आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी दी है। पाकिस्तान सशस्त्र बलों की मीडिया शाखा 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार ये अभियान 17 और 18 दिसंबर को प्रांत के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किए गए थे।

**हथियार और गोला-बारूद बरामद**

क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद टैंक जिले में पहला अभियान प्रारंभ किया गया जिसमें सात आतंकवादी गए। दूसरा अभियान उत्तरी वजीरिस्तान जिले के दत्ता खेल में प्रारंभ किया गया, जहां दो आतंकवादी मारे गए। मोहमंद जिले में दो और आतंकवादी मारे गए।

## मैरी जैन वेलोसो : मौत की सजा से बचकर 15 साल बाद वतन वापसी, नम आंखों से बेटों ने किया स्वागत

मनीला (ए.)। इंडोनेशिया में मौत की सजा पाई फिलीपीनी कैदी मैरी जेन वेलोसो आखिरकार बुधवार सुबह मनीला लौट आई। दो दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के बीच एक दशक से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद उनकी वापसी मुमकिन हो सकी।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मनीला एयरपोर्ट पर वेलोसो का रिश्तेदारों और समर्थकों के एक छोटे ग्रुप ने आंसुओं के साथ स्वागत किया। स्वाग्त करने वालों में वेलोसो के दो बेटे भी शामिल थे जो अपनी मां की गिरफ्तारी के समय 1 और 6 वर्ष के थे। वेलोसो ने विदेश में काम करने के लिए फिलीपींस छोड़ा था। 39 वर्षीय वेलोसो ने इंडोनेशिया के योग्याकार्टा में लगभग 15 साल तक जेल में रही। उन्हें 2010 में गिरफ्तार किया गया था। एयर पोर्ट पर उनेके सूटकेस में छिपाकर रखी गई 2.6 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। वेलोसो ने ड्रग तस्करी के आरोपों से इनकार किया और जोर देकर कहा कि उन्हें धोखा दिया गया। 2015 में उन्हें फायरिंग स्क्वाड मारने ही वाला था कि आखिरी समय में उन्हें राहत मिल गई। फिलीपींस के विदेश मामलों के विभाग के अनुसार, इंडोनेशियाई अधिकारियों ने मंगलवार शाम को वेलोसो को फिलीपींस के अधिकारियों की हिरासत में सौंप दिया। फिलीपींस ने वेलोसो की वापसी के लिए इंडोनेशियाई सरकार को धन्यवाद दिया। विदेश सचिव एनरिक मनालो ने कहा, यह फिलीपींस और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय संबंधों के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो हमारे दोनों देशों के बीच विश्वास और मित्रता का प्रतीक है। मनीला पहुंचने के बाद वेलोसो को महिला सुधारात्मक जेल में ले जाया गया। फिलीपींस ने काफी पहले मृत्युदंड को समाप्त कर दिया है, जिससे उनकी फांसी की संभावना समाप्त हो गई है।

पिछले महीने, फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड रोमुअलडेज मार्कोस ने खुलासा किया था कि इंडोनेशिया दोषी फिलिपिनी महिला को वापस भेजने पर सहमत हो गया है।

## अफगानिस्तान में भीषण सड़क हादसा, 50 लोगों की मौत; घायल हुए 76 लोग

काबुल (ए.)। अफगानिस्तान में दो सड़क दुर्घटनाओं में कुल 50 लोगों की मौत हो गई जबकि 76 लोग घायल हुए हैं। एक सरकारी प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को इन हादसों के बारे में जानकारी दी है। गजनी प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता हाफिज उमर ने कहा कि बुधवार देर रात काबुल-कंधार राजमार्ग पर एक यात्री बस और तेल टैंकर के बीच टक्कर हो गई जबकि दूसरी दुर्घटना उसी राजमार्ग पर दूसरे इलाके में हुई।

**घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती**

गजनी प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता ने कहा, घायलों को गजनी के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और मृतकों के शव परिवारों को सौंपने की प्रक्रिया जारी है। उमर ने कहा कि गंभीर रूप से घायल लोगों को काबुल स्थानांतरित किया गया है और मृतकों में महिलाएं व बच्चे भी शामिल हैं।

**पहले भी होते रहे हैं हादसे**

इस बीच यहां यह भी बता दें कि, इसी सप्ताह सोमवार (16 दिसंबर 2024) को अफगानिस्तान के दक्षिणी हेलमंद प्रांत में भी भीषण सड़क हादसा हुआ था। हादसे के दौरान एक परिवार को ले जा रहा वाहन खाई में गिर गया था। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई थी। इससे पहले उत्तरी बदख्शां प्रांत में एक जीप के नदी में गिर जाने से 6 मुसाफिरों की मौत हो गई थी और चार अन्य घायल हो गए थे। अफगानिस्तान में घातक सड़क दुर्घटनाओं के कारणों में सड़कों की खराब स्थिति, लापरवाही से वाहन चलाना और सुरक्षा उपायों की कमी शामिल है।

## सीरिया संकट पर मिलकर काम करेंगे तुर्की, लेबनान, एर्दोगन और मिकाती का ऐलान



अंकारा(ए.)। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने कहा कि तुर्की और लेबनान बशर अल-असद के पतन के बाद सीरियाई मुद्दों पर मिलकर काम करने पर सहमत हुए हैं।

एर्दोआन ने बुधवार को लेबनान के प्रधानमंत्री नजीब मिकाती के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, सीरिया में एक नए युग की शुरुआत हो गई है। सीरिया के दो प्रमुख पड़ोसियों के रूप में, हम इस बात पर सहमत हैं कि हमें मिलकर काम करना चाहिए।

तुर्की के राष्ट्रपति ने कहा, सीरिया की स्थिरता क्षेत्र की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि युद्धग्रस्त सीरिया का पुनर्निर्माण दोनों देशों के लिए सर्वोच्च प्राथमिकता होगी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार एर्दोगान ने कहा कि लेबनान के खिलाफ इजरायली हमले कोई नई बात नहीं है और देश पिछले कुछ वर्षों में इसी तरह के हमलों का सामना कर चुका है।

एर्दोगान ने कहा कि तुर्की इजरायल के हमलों के खिलाफ लेबनान के पक्ष में खड़ा रहेगा। उन्होंने इजरायल द्वारा युद्ध विराम समझौते के प्रति प्रतिबद्धता की जरुरत पर बल दिया।

मिकाती ने हाल के महीनों में इजरायल के साथ युद्ध के दौरान लेबनान को के समर्थन के लिए एर्दोगन को धन्यवाद दिया। उन्होंने सीरिया की राजनीतिक उथल-पुथल का फायदा उठाने और सीरियाई भूमि पर अपने कब्जे का विस्तार करने के लिए इजरायल की निंदा की, और इस बात पर जोर दिया कि इसे रोकने के लिए इजरायल पर दबाव डाला जाना चाहिए।

लेबनानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे मिकाती बुधवार को तुर्की पहुंचे, जहां उन्होंने एर्दोगन और तुर्की के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में नवीनतम घटनाक्रम और द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की।

## ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच कनाडा ने किया नई सीमा सुरक्षा योजना का ऐलान

ओटावा(ए.)। अमेरिका सरकार अमेरिका के नव-निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकी के बाद कनाडा की संघीय सरकार ने सीमा सुरक्षा और इमिग्रेशन सिस्टम को मजबूत करने के लिए एक नई योजना का ऐलान किया है।

हाल ही में ट्रंप ने घोषणा की कि वह जनवरी में अपने पदभार ग्रहण करने के पहले दिन ही ऐसे आदेशों पर हस्ताक्षर करेंगे, जिसके तहत मेक्सिको और कनाडा से आने वाले सभी सामानों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जाएगा। यह तब तक लागू रहेगा जब तक कि वे अपने देशों से अमेरिका में अवैध अप्रवासियों और ड्रग्स, खास तौर से फेंटानाइल के प्रवाह को न रोक दें।

पब्लिक सेफ्टी कनाडा के बयान के मुताबिक, नई योजना में जो प्रमुख बातें है, उनमें - फेंटेनाइल तस्करी का पता लगाना और उसे बाधित करना, कानून प्रवर्तन के लिए नए उपकरण, परिचालन समन्वय को बढ़ाना, सूचना साझाकरण को बढ़ाना शामिल हैं।

## फ्रांस के पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सरकोजी की बढ़ी मुश्किलें, भ्रष्टाचार के मामले में मिली जेल की सजा



पेरिस (ए.)। फ्रांस के सर्वोच्च न्यायालय 'कोर्ट ऑफ कैसेशन' ने अपील अदालत के उस फैसले को बरकरार रखा है जिसमें पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सारकोजी को राष्ट्राध्यक्ष रहते हुए भ्रष्टाचार का दोषी पाया गया था। अदालत ने एक बयान में कहा कि दोषसिद्धि और सजा को बरकरार रखा जाता है। सारकोजी (69) को एक वर्ष जेल की सजा हुई है। उनके पास घर पर नजरबंदी में रखने की मांग करने का अधिकार है जिस दौरान उन्हें 'इलेक्ट्रॉनिक ब्रेसलेट' लगाया जाएगा। ऐसा दो वर्ष या उससे कम की सजा वाले मामलों में होता है।

**2007 से 2012 तक रहे फ्रांस के राष्ट्रपति**

पूर्व राष्ट्रपति निकोलस सारकोजी 2021 में पेरिस की एक अदालत और 2023 में एक अपील अदालत द्वारा भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाए गए थे। उन्होंने उस कानूनी मामले के बारे में जानकारी के बदले में एक मजिस्ट्रेट को रिश्वत देने की कोशिश की थी, जिसमें वह शामिल थे। सारकोजी 2007 से 2012 तक फ्रांस के राष्ट्रपति रहे थे। फ्रांस के आधुनिक इतिहास में यह पहली बार है कि किसी पूर्व राष्ट्रपति को उसके कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों के लिए दोषी ठहराया गया है और कारावास की सजा सुनाई गई है।

# खेल समाचार

## लेहमैन की आलोचना पर कमिंस ने मुख्य चयनकर्ता बेली का बचाव किया

नई दिल्ली, (ए.)। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली का बचाव किया है, जिसकी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कोच डैरेन लेहमैन ने तीखी आलोचना की थी। लेहमैन ने उन पर टेस्ट टीम के बहुत करीब होने का आरोप लगाया था, ताकि वे कठिन फैसले न ले सकें।

ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के निराशाजनक प्रदर्शन की तीखी आलोचना हुई है, जिसमें उस्मान ख्वाजा, नाथन मैकस्वीनी और मार्नस लाबुशेन का संयुक्त औसत 14.40 रहा, जो 1887/88 के बाद से घरेलू टेस्ट समर में ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष तीन खिलाड़ियों का सबसे कम आंकड़ा है। नाथन मैकस्वीनी, विशेष रूप से खुद को कड़ी निगरानी में पाते हैं।

लेहमैन ने मंगलवार को बॉर्डर-गावस्कर श्रृंखला के तीसरे टेस्ट के बारिश से ड्रॉ होने पर बेली पर निशाना साधा, जिससे पूर्व ऑस्ट्रेलियाई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के टीम के साथ करीबी संबंधों पर संदेह पैदा हो गया। मेरे ख़याल से, वह टीम के बहुत नज़दीक है। मैं चाहूंगा कि वह कहीं चयनकर्ताओं के बॉक्स में बैठकर देखे और अपने फ़ैसले खुद ले सके। लेहमैन ने एबीसी स्पोर्ट पर कहा था। हालांकि, कमिंस ने बेली का बचाव करने में कोई कसर नहीं छोड़ी और ऐसे किसी भी सुझाव को खारिज़ कर दिया, जो उनके कठोर फ़ैसले लेने के फ़ैसले को प्रभावित करता हो।

कमिंस ने बताया, मुझे नहीं पता कि यह (आलोचना) कैसे सच हो सकती है। सिर्फ़ इंटरनेट पर नज़र डालने से कहीं ज़्यादा किसी टीम को चुनने में बहुत कुछ होता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आप निष्पक्ष रहें और मुझे लगता है कि चयन पैनल इस मामले में कमाल का है।

उन्होंने आगे कहा, पिछले कुछ सालों में उन्होंने सभी फ़ॉर्मेट में कुछ बहुत ही साहसिक फ़ैसले लिए हैं। शायद पिछले सालों में मैंने अन्य चयनकर्ताओं को जितना साहसिक फ़ैसला करते देखा है, उससे कहीं ज़्यादा साहसिक। वे कभी भी कठोर फ़ैसले लेने से पीछे नहीं हटे। जॉर्ज ने जो भूमिका निभाई है, वह कमाल की है और मुझे लगता है कि आप इसे सिर्फ़ टीम के खिलाड़ियों से ही नहीं, बल्कि राज्य के खिलाड़ियों से भी सुनेंगे।

कमिंस के समर्थन के बावजूद, अगर मेलबर्न में चौथे टेस्ट के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में महत्वपूर्ण बदलाव नहीं किए गए तो बेली को कड़ी जांच का सामना करना पड़ सकता है।

## संन्यास के बाद स्वदेश लौटे रविचंद्रन अश्विन, चेन्नई में हुआ जोरदार स्वागत

नईदिल्ली, (ए.)। बीते बुधवार (18 दिसंबर) को रविचंद्रन अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेकर सबको चौंका दिया।ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए अश्विन ने ब्रिसबेन क्रिकेट ग्राउंड में सीरीज के तीसरे टेस्ट के समापन के साथ ही संन्यास का ऐलान किया।बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के बीच में ही क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद अब अश्विन स्वदेश लौट चुके हैं।अश्विन के गृहराज्य चेन्नई में उनका जोरदार स्वागत हुआ।

अश्विन के परिवार के सदस्य और उनके करीबी दोस्तों ने चेन्नई एयरपोर्ट पर स्वागत किया। उनकी वापसी पर प्रशंसकों ने फूल बरसाए और गाजे-बाजे के साथ इस दिग्गज खिलाड़ी का स्वागत किया।शुरुआत में, अश्विन ने एयरपोर्ट पर मीडिया को संबोधित करने से इनकार कर दिया था।एयरपोर्ट पर पत्रकारों के सवालों पर चुप रहे अश्विन ने अपने आवास के बाहर चुनिंदा पत्रकारों के समूह से बात की। अश्विन ने अपने बेमिसाल टेस्ट करियर में कई कीर्तिमान हासिल किए। उपलब्धियों से भरे टेस्ट करियर के बावजूद उन्हें टीम की कप्तानी करने का कभी मौका नहीं मिल सका।कप्तानी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, मैं अब और नहीं कर सकता। मुझे इसका कोई पछतावा नहीं है। मैंने दूर से बहुत से लोगों को पछताते हुए देखा है, लेकिन मैं अपनी जिंदगी उस तरह नहीं जीना चाहता। अश्विन ने अपने भविष्य के बारे में स्पष्ट किया कि वह चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की ओर से ज्यादा से ज्यादा खेलने की कोशिश करेंगे।उन्होंने कहा, मैं सीएसके के लिए खेलने जा रहा हूं और अगर मैं जितना हो सके उतने लंबे समय तक खेलने की कोशिश करता हूं तो इसमें चौंकाने वाली बात नहीं है।

## टेस्ट क्रिकेट: मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय बल्लेबाज



नईदिल्ली,(ए.)। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम और भारतीय क्रिकेट टीम के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 खेली जा रही है। सीरीज का चौथा मुकाबला 26 दिसंबर से मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाएगा।यह सीरीज अभी 1-1 की बराबरी पर है। ऐसे में दोनों टीमों के लिए चौथा मुकाबला बेहद महत्वपूर्ण होने वाला है। मेलबर्न के मैदान पर कई ऐसे भारतीय बल्लेबाज हैं, जिनका प्रदर्शन कमाल का रहा है। ऐसे में आइए उनके आंकड़ों पर एक नजर डाल लेते हैं।

इस सूची में पहले स्थान पर भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर हैं। उन्होंने इस मैदान पर साल 1991 में अपना पहला मुकाबला खेला था।आखिरी बार वह यहां 2011 में खेलते हुए नजर आए थे।मेलबर्न के मैदान पर सचिन ने 5 मैच की 10 पारियों में 44.90 की औसत से 449 रन बनाए थे। उनके बल्ले से 1 शतक और 3 अर्धशतक निकले थे। उनका यहां सर्वश्रेष्ठ स्कोर 116 रन रहा था।

दूसरे स्थान पर अजिंक्य रहाणे हैं। उन्होंने साल 2014 में यहां पहला टेस्ट खेला था। अब तक इस खिलाड़ी ने 3 मुकाबले खेले हैं और इसकी 6 पारियों में 369 रन बनाए हैं। उनकी औसत 73.80 की रही है।रहाणे के बल्ले से यहां 2 शतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 147 रन है।भारत जब इस मैदान पर आखिरी बार खेला था, तब रहाणे टीम के कप्तान थे और उनके बल्ले से 112 रन की पारी निकली थी।

भारतीय टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इस सूची में तीसरे स्थान पर हैं। वह अभी भारतीय टीम का हिस्सा भी हैं। ऐसे में उनसे चौथे टेस्ट में बड़ी पारी की उम्मीद होगी।उन्होंने मेलबर्न के मैदान पर 3 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 6 पारियों में 52.66 की औसत के साथ 316 रन बनाने में सफल रहे हैं।उनके बल्ले से इस मैदान पर 1 शतक और 2 अर्धशतक निकले हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 169 रन रहा है।

सूची में चौथे स्थान पर पूर्व दिग्गज सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग हैं। साल 2003 में सहवाग ने मेलबर्न के मैदान पर अपना पहला टेस्ट मैच खेला था। 2011 में वह आखिरी बार इस मैदान पर खेलते हुए नजर आए थे।उन्होंने यहां 2 टेस्ट मैच खेले और इसकी 4 पारियों में 70 की उम्दा औसत के साथ 280 रन बनाए।सहवाग के बल्ले से इस मैदान पर 1 शतक और 1 अर्धशतक निकला, उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 195 रन था।

ऋषभ पंत ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज खेल रहे हैं। उन्होंने यहां 2 टेस्ट मैच खेले हैं और इसकी 3 पारियों में 33.66 की औसत से 101 रन बनाए हैं। शुभमन गिल के बल्ले से इस मैदान पर 1 मैच की 2 पारियों में 80 रन निकले हैं।भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने यहां सिर्फ 1 टेस्ट मैच खेला है और 68 रन बनाने में सफल रहे हैं।रविंद्र जडेजा ने 2 टेस्ट की 3 पारियों में 66 रन बनाए हैं।

## विराट कोहली की मेलबर्न एयरपोर्ट पर हुई ऑस्ट्रेलिया मीडिया से भिड़ंत




नईदिल्ली,(ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बीच खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (2024-25) का चौथा टेस्ट मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर खेला जाना है। इस मुकाबले के लिए भारतीय टीम के मेलबर्न पहुंच चुकी है।इसी दौरान एयरपोर्ट पर स्टार भारतीय खिलाड़ी विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया मीडिया से भिड़ गए। रिपोर्ट्स हैं कि वे उन्हें परिवार की फोटो लेने से मना कर रहे थे, लेकिन चैनल-7 के कैमरामैन नहीं माने। इस कारण कोहली को गुस्सा आ गया।

कोहली को जवाब देते हुए ऑस्ट्रेलियन मीडिया ने कहा कि एयरपोर्ट पब्लिक की प्रॉपर्टी है। बता दें कि कोहली अपने परिवार को मीडिया से दूर रखना पसंद करते हैं। कई बार उन्हें अपने बच्चों की तस्वीर नहीं लेने की बातें कहते हुए देखा गया है।इस सीरीज में पर्थ टेस्ट के शतक को छोड़ दें तो उनका बल्ला कुछ खास कमाल नहीं कर पाया है। उन्होंने 4 अन्य पारियों में सिर्फ 26 रन बनाए हैं। कल की कोहली ने अचानक संन्यास का ऐलान लेने वाले रविचंद्रन अश्विन के लिए सोशल मीडिया पर लिखा, मैंने आपके साथ 14 साल तक खेला और अब आप संन्यास ले रहे हैं तो मैं थोड़ा भावुक हो गया। आपके साथ खेले गए उन सभी सालों की यादें मेरे सामने आ गईं। मैंने आपके साथ हर पल का आनंद लिया है, आपका भारतीय टीम के लिए योगदान बेमिसाल है और आपको हमेशा क्रिकेट के दिग्गज के रूप में याद किया जाएगा। कोहली का फॉर्म अभी कुछ खास नहीं चल रहा है। ऐसे में चौथे टेस्ट में उनसे एक बड़ी पारी की उम्मीद होगी।

## हिमालयन तहर्स शीर्ष पर कायम; रांची रेंजर्स ने डिवीजन 3 की पहली जीत हासिल की

**0-युवा कबड्डी सीरीज**

कोयंबटूर, ,(ए.)। युवा कबड्डी सीरीज डिवीजन 3 ने करपगाम एकेडमी ऑफ हायर एजुकेशन में पांचवें दिन रोमांचक और दमदार प्रदर्शन का मिश्रण पेश किया।

टेबल-टॉपर्स हिमालयन तहर्स ने देहरादून डायनामोज पर 27-26 से जीत दर्ज करके मजबूत वापसी की और शीर्ष पर अपना दबदबा बनाए रखा। डायनामोज ने खेल के अधिकांश समय तक बढ़त बनाए रखी, लेकिन अंतिम मिनट में लवप्रीत सैनी के शानदार टैकल ने तहर्स के पक्ष में रुख मोड़ दिया। लाल सिंह ने नौ रेड पॉइंट के साथ तहर्स के लिए रेडिंग प्रयास का नेतृत्व किया, जबकि दीपक लोहान ने डायनामोज के लिए नौ रेड पॉइंट बनाए, लेकिन उन्हें समर्थन की कमी खली। रांची रेंजर्स ने चंबल चैलेंजर्स पर 58-44 की शानदार जीत के साथ सीजन की अपनी पहली जीत दर्ज की। प्रिंस कुमार रॉय ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 21 रेड पॉइंट बनाए, जबकि राहुल गोप ने रेंजर्स के खाते में 17 रेड पॉइंट जोड़े।

चैलेंजर्स के अजय मरावी और अभिषेक कुमार के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, जिन्होंने क्रमश: 19 और 16 रेड पॉइंट बनाए, उनकी टीम रेंजर्स के लगातार हमले का सामना नहीं कर सकी।

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले कई दिग्गज भारतीय क्रिकेटर लेंगे संन्यास



नईदिल्ली,(ए.)। भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार स्पिन गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन ने अचानक बुधवार (18 दिसंबर) को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया।उन्होंने यह फैसला तब लिया जब बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 के आने वाले मुकाबले मेलबर्न और सिडनी में खेले जाने हैं, जहां स्पिन गेंदबाजों को मदद मिलती है।ऐसा माना जा रहा है कि भारतीय क्रिकेट बड़े बदलाव के दौर से गुजरने वाली है। कई और अनुभवी खिलाड़ी अगले साल इंग्लैंड सीरीज से पहले संन्यास की घोषणा कर देंगे।

रिपोर्ट के अनुसार ऑस्ट्रेलिया सीरीज कई अनुभवी खिलाड़ियों की आखिरी सीरीज होगी। भारतीय टीम अगले साल जून-जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज खेलेगी। अश्विन का संन्यास लेना इसी की शुरुआत है।अश्विन, विराट कोहली, रोहित शर्मा, अजिंक्य रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और रविंद्र जडेजा वो खिलाड़ी हैं जो 2012 और 2013 के बीच भारतीय टीम में हुए बड़े बदलाव का हिस्सा थे।उस समय राहुल द्रविड़, सचिन तेंदुलकर और वीवीएस लक्ष्मण ने संन्यास लिया था।

अश्विन को जब पहले टेस्ट में मौका नहीं मिला तभी उन्होंने संन्यास लेने का मन बना लिया था।हालांकि, कप्तान रोहित जब टीम के साथ जुड़े तो उन्होंने अश्विन को पिंक बॉल टेस्ट खेलने के लिए मना लिया।इसके बाद तीसरे टेस्ट में भी अश्विन को मौका नहीं मिला और उनकी जगह जडेजा खेले। कप्तान रोहित ने ये बात गाबा टेस्ट खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही थी। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि अश्विन के मामले में यह स्पष्ट नहीं है कि उन्हें कब, कहां और क्या संदेश मिला।हालांकि, जब 500 से ज्यादा विकेट लेने वाले खिलाड़ी को पर्थ टेस्ट में मौका नहीं मिला और उनकी जगह वाशिंगटन सुंदर खेले। वह तभी समझ गए थे कि उन्हें अब ज्यादा मौके नहीं मिलेंगे।पहले 2 टेस्ट मैच में जडेजा को भी मौका नहीं मिला था। हालांकि, तीसरे टेस्ट में उन्होंने बल्ले से अच्छा प्रदर्शन किया।

# 19 दिसंबर से 24 दिसम्बर तक मनाया जा रहा है "सुशासन सप्ताह - प्रशासन गाँव की ओर"

### आमजन की समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए ग्राम पंचायतों में लगाए जा रहे हैं कैंप



सीहोर, (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह एवं प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह के निर्देशानुसार 19 से 24 दिसम्बर तक विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही 23 दिसंबर को जिला स्तर पर प्रसार कार्यशालाएँ आयोजित की जाएँगी। जिसमे जिले से संबंधित परिचर्चा एवं किये जा रहे नवाचारों को साझा किया जाएगा।

कलेक्टर प्रवीण सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आमजन की शिकायतों, आवेदनों का त्वरित निराकरण किया जाए तथा सभी पात्र हितग्राहियों को पात्रतानुसार लाभान्वित किया जाए। सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत लगाए जाने वाले कैंपों में के माध्यम से आमजन की समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा रहा है। इसके साथ ही प्रशासन गांव की ओर अभियान भी चलाया जाएगा। इस अभियान में ग्रामीणों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जा रही है एवं पात्र हितग्राहियों को इन योजनाओं का लाभ दिलाया जा रहा है।

## स्वास्थ्य विभाग की सलाह आमजन कैंसर बीमारी का पता लगते ही तुरंत ईलाज लें

सीहोर, (निप्र)। स्वास्थ्य विभाग ने आमजन को कहा है कि कैंसर जैसी बीमारी का पता लगते ही तुरंत ईलाज लें। मानव शरीर के कई अनगिनत कोशिकाओं से बना है, इन कोशिकाओं में निरंतर विभाजन होता रहता है। यह एक सामान्य प्रक्रिया है। इस पर शरीर का पूरा नियंत्रण रहता है, लेकिन कभी-कभी जब शरीर के किसी विशेष अंग की कोशिकाओं पर शरीर का नियंत्रण बिगड़ जाता है और कोशिकायें बेहिसाब तरीके से बढ़ने लगती है, उसे कैंसर कहते है स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि मानव कोशिकाओं के जीन में परिवर्तन होने लगता है, तब कैंसर की शुरूआत होती है। यह स्वयं ही बदल सकते है या दूसरे कारण जैसे गुटखा, तम्बाकू आदि नशीली चीजें खाने से अल्ट्रावॉलेट रेडिएयेशन आदि ज्यादातर देखा गया है । कैंसर शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यून सिस्टम की कोशिकाओं को समाप्त कर देता है, जिससे कैंसर जैसी लाइलाज बीमारी हो जाती है।

## आज खेला जाएगा भोपाल और सीहोर के मध्य मैच

### >>> इछावर चिल्ड्रिन ने सीहोर को हराया

सीहोर(निप्र)। शहर के चर्च मैदान पर शुक्रवार की शाम चार बजे खेलो इंडिया स्माल सेंटर सीहोर और भोपाल टीम के मध्य मुकाबला खेला जाएगा। इस मौके पर कोच सीहोर टीम के कोच गुंजन और विपिन पवार ने टीम को



अभ्यास कराया। इसके अलावा गुरुवार की शाम को एक मुकाबला इछावर चिल्ड्रिन और सीहोर चिल्ड्रिन के मध्य खेला गया था। इस कांटे के मुकाबले में इछावर ने सीहोर को 1-0 से हराया। इस दौरान जिला फुटबाल एसोसिएशन के सचिव मनोज कन्नोजिया आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला फुटबाल एसोसिएशन के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि गुरुवार की शाम को शहर के चर्च मैदान पर शानदार मुकाबला देखने को मिला, इसमें सीहोर चिल्ड्रिन और इछावर चिल्ड्रिन की टीम आमने-सामने थी दोनों ही टीम मैच के अंतिम समय तक गोल करने के प्रयास में रही, लेकिन इछावर चिल्ड्रिन के 12 वर्षीय बालक कनक ने मैच के अंतिम समय में गोल कर अपनी टीम को विजय बनाया। इस मुकाबले में इछावर चिल्ड्रिन की ओर से एक मात्र गोल कनक कबाडी ने किया। सीहोर चिल्ड्रिन की ओर से अनेक गोल के प्रयास किए, लेकिन विफल रहे।

## भादाकुई के पुरुषोत्तम बने विश्वकर्मा महापंचायत के जिला उपाध्यक्ष



भैरूंदा (संजय कलमोर) । भादाकुई विगत दिवस विश्वकर्मा महापंचायत के संस्थापक एवं कल्याण बोर्ड प्रदेश अध्यक्ष प्रेमनारायण विश्वकर्मा एवं प्रदेश अध्यक्ष रामकिशोर विश्वकर्मा की अनुशंसा से जिला अध्यक्ष लखन विश्वकर्मा ने जिले की कार्यकारणी का विस्तार किया। जिसमें भादाकुई के होनहार युवासमाज सेवी पुरुषोत्तम विश्वकर्मा को विश्वकर्मा महापंचायत का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया।यह जिम्मेदारी उनकी समाज के प्रति निष्ठा,समर्पण को देखते हुए दी गई,इससे पहले वे मंडल के अध्यक्ष पद का निर्वाहन किया एवं उनके कार्यकाल में कई रचनात्मक कार्यक्रम हुए,नगर में विश्वकर्मा भगवान के पूजा कार्यक्रम धूमधाम से मनाया एवं नगर में भव्य चल समारोह उन्हीं नेतृत्व ने निकाला गया । इस नियुक्ति पर समाज के वरिष्ठजनों एवं युवाओं ने शॉल श्री फल से स्वागत किया एवं बधाई प्रेषित की। उन्होंने बताया कि इस दायित्व का निर्वाहन वे पूर्ण ईमानदारी से करेंगे,एवं समाज में व्याप्त कुरीतियों को खत्म करने की दिशा में कार्य करेंगे।

# नगर एवं ग्राम रक्षा समिति का अनुभाग स्तरीय सम्मेलन का आयोजन



भैरूंदा (संजय कलमोर) । पुलिस अधीक्षक सीहोर दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन एवं अति पुलिस अधीक्षक सीहोर गीतेश गर्ग अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भेरुंदा दीपक कपूर के मार्गदर्शन में भैरूंदा अनुभाग के तीनों थाने भैरुंदा, इछावर, गोपालपुर द्वारा नगर एवं ग्राम रक्षा समिति का सम्मेलन लाडकुई क्षेत्र में आयोजित किया गया।

सम्मेलन में दीपक कपूर अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भैरूंदा संभाग, थाना प्रभारी भैरुंदा, इछावर एवं गोपालपुर, पुलिस स्टाफ नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, नए सदस्य हेतु शामिल होने हेतु आए ग्राम एवं नगर के नागरिकगण उपस्थित हुऐ। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी दीपक कपूर द्वारा ग्राम एवं नगर रक्षा समिति के दायित्व एवं कर्तव्यों के बारे में बताया गया एवं सदस्यों से प्राप्त सुझाव पर भी चर्चा की गई, सदस्यों को केप एवं जैकेट वितरित की गई एवं नए सदस्यों के रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरवाए गए।

## सुशासन सप्ताह के तहत कुछ ही समय में बना राहुल के दादाजी का मृत्यु प्रमाण पत्र

सीहोर, (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार 19 दिसंबर से 24 दिसम्बर तक सुशासन सप्ताह एवं प्रशासन गांव की ओर अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने 19 से 24 दिसम्बर तक विकासखण्ड एवं ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर सभी आमजनों के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। सुशासन सप्ताह के अंतर्गत सीहोर जिले भैरूंदा तहसील के ग्राम खरसानिया निवासी राहुल जाट के दादाजी का मृत्यु प्रमाण पत्र कुछ ही समय में बन गया। राहुल जाट कहते हैं कि सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन द्वारा आमजन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जा रहा है। राहुल कहते हैं कि हम जैसे आमजन को अपने प्रकरणों के निराकरण के लिए अब बार-बार कार्यालयों के चक्कर नही पड़ते बल्कि आवेदन जमा करने के कुछ ही समय पश्चात प्रकरणों को निराकरण दिया जाता है। सरकार द्वारा किया जा रहा यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। राहुल ने सुशासन सप्ताह के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

# सीटीडी एवं डब्ल्यूएचओ कंसलटेंट ने की टीबी मुक्त भारत अभियान की समीक्षा




सीहोर, (निप्र)। शासन के निर्देशानुसार भारत शासन के सीटीडी डॉ अमन गुप्ता एवं डब्ल्यूएचओ कंसलटेन्ट डॉ इशान सनोदिया ने शासन द्वारा चलाई जा रही निक्षय वाहन सेवा का मूल्यांकन किया। उन्होंने ग्राम लसुड़िया परिहार स्थित आयुष्यमान आरोग्य मंदिर के उपस्वास्थ्य केन्द्र, भाउखेडी के पीएचसी, इछावर सीएचसी का भ्रमण कर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों की बैठक आयोजित कर सेवाओं की विस्तृत समीक्षा की। इसके पश्चात उन्होंने कलेक्टर प्रवीण सिंह के साथ बैठक कर एक्स-रे के लिए निकटतम प्राइवेट अस्पतालों की सेवाये लेने के लिए भागीदारी सुनिश्चित करने के सुझाव दिये। उन्होंने कहा कि इससे अधिक से अधिक हितग्राहियों को स्वास्थ्य सेवाएं दी जा सकेंगी स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की बैठक में निर्देश दिए कि अधिक से अधिक मरीजों को पहुंचाने के लिए 108 एम्बुलेंस की सहायता ली जाए। इसके साथ ही आरबीएस की टीम द्वारा चेकअप के बाद मरीज के मोबिलाईजेशन में आरबीएस के वाहन का उपयोग भी किया जाये।

शासन के प्रतिनिधि डॉ अमन गुप्ता को जानकारी दी गई कि टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रचार प्रसार के लिये जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर बैठक ली जा रही। इसके साथ ही आशा कार्यकर्ता, एएनएम कार्यकर्ताओं को भी अभियान के व्यापक प्रचार प्रसार के निर्देश दिए गए हैं। सीएमएचओ डॉ सुधीर कुमार डेहरिया ने बताया कि समय समय पर बैठक आयोजित कर अभियान की मॉनिटरिंग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि शासन के निर्देशानुसार 07 दिसंबर से टी.बी मुक्त भारत अभियान के तहत सीहोर जिले में चलित (नि-क्षय) वाहन का शुभारम्भ किया गया था। इस चलित निक्षय वाहन द्वारा प्रतिदिन गाँवो में जाकर एक्स-रे एवं टू नॉट मशीन द्वारा डायबिटीज एवं लम्बे समय से खांसी के लक्षणों वाले मरीजों का चिन्हांकन कर उन्हें स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ ही उन्हें फूड बास्केट प्रदान किए जा रहे हैं।

## गेंहूं फसल में जड़ माहू कीट लगने पर दवाओं का छिड़काओं करें

सीहोर (निप्र)। वर्तमान मौसम परिर्वतन के कारण गेंहूं में जड़माहू कीट एवं विभूति आदि किटों का प्रभाव हो सकता है। यदि गेंहू में जड़माहू किट का प्रभाव एवं गेंहू में पिलापन दिख तों दवा का छिड़काव जरूर करें। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार इस वर्ष भी गेंहूं फसल में जड़ माहू कीट का प्रकोप दिखाई दे रहा है। गेंहूं फसल के खेतों में अनेक स्थानों पर पौधे पीले होकर सूख रहे हैं। समय पर निदान न किये जाने पर इस कीट द्वारा गेंहूं फसल में बड़ी क्षति की सम्भावना रहती है। जड़ माहू कीट गेंहूं के पौधे के जड़ भाग में चिपका हुआ रहता है, जो निरन्तर रस चूसकर पौधे को कमजोर व सुखा देता है। प्रभावित खेतों में पौधे को उखाड़कर ध्यान से देखने पर बारीक-बारीक हल्के पीले, भूरे व काले रंग के कीट चिपके हुए दिखाई देते हैं। मौसम में उच्च आर्द्रता व उच्च तापमान होने पर यह कीट अत्यधिक तेजी से फैलता है। अनुकूल परिस्थितियाँ होने पर यह कीट सम्पूर्ण फसल को नष्ट करने की क्षमता रखता है। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार जिन क्षेत्रों में अभी तक गेंहूं फसल की बुवाई नही की गयी है, वहाँ पर बुवाई से पूर्व इमिडाक्लोरोप्रिड 48 प्रतिशत, एफएस. की 01 मिली. दवा अथवा थायोमेथॉक्जॉम 30 प्रतिशत, एफएस दवा की 1.5 मिली मात्रा प्रति किलोग्राम की दर से बीज उपचार अयवश्य करें। जिन क्षेत्रों में बुवाई कार्य पूर्ण किया जा चुका है व कीट प्रकोप के लक्षण प्रारम्भिक अवस्था में हैं वहाँ किसान भाई इमिडाक्लोरोप्रिड़ 17.8 एसएल की 80 -100 मिली. मात्रा अथवा थायोमेथॉक्जॉम 25 प्रतिशत डब्लूपीकी 80 ग्राम मात्रा अथवा एसिटामाप्रिड 20 प्रतिशत एसपी दवा की 60 ग्राम मात्रा प्रति एकड़, 150-200 लीटर पानी में घोल बनाकर छिडकाव करें या किसान भाई थायोमेथॉक्जॉम 30 प्रतिशत कीटनाशक की 250 मिली मात्रा को 50 किलो यूरिया खाद में मिलाकर प्रति एकड़ की दर से छिड़काव करें।

# पार्षद और परिषद कर्मचारी दोनों ने एक दूसरे से की अभद्रता

### सीएमओ ने कलेक्टर के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन...



भैरूंदा (संजय कलमोर) । नगर परिषद में पार्षद और कर्मचारियों की लड़ाई धीरे-धीरे उग्र होती जा रही है, नगर परिषद भैरूंदा के पार्षद नगर में हो रहे निर्माण कार्यों को लेकर कई बार, नगर परिषद सीएमओ एवं इंजीनियर पर भ्रष्टाचार के आरोप प्रत्यारोप लगाते आ रहे हैं तो वही आज नगर परिषद सीएमओ व इंजीनियर ने सीहोर कलेक्टर के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौपते हुए, उसमें उल्लेख किया है कि वार्ड क्रमांक 13 के पार्षद लगातार शासकीय कार्यों में बाधा पहुचा रहे हैं, वह नगर परिषद में आकर कर्मचारियों से अभद्रता करते हैं और धमकियां देते है। जिसको लेकर आज नगर परिषद के सभी कर्मचारियों ने नगर परिषद के सामने बैठकर पार्षद के खिलाफ मोर्चा खोल दिया, नारे लगाये और हड़ताल कर दी, तो वही भैरूंदा एसडीएम मदन सिंह रघुवंशी ने पहुंचकर नगर परिषद के कर्मचारियों को समझाइस देकर हड़ताल खत्म करवाई।

**इनका कहना**

प्रफुल्ल गठरे सीएमओ

गौरव शर्मा द्वारा कई बार कर्मचारियों से अभद्रता की है यहां तक की इंजीनियर यादव को गाली गलौज भी दी है इसी को लेकर आज हमने कलेक्टर के नाम एसडीएम साहब को ज्ञापन सौंपा

**इनका कहना**

गौरव शर्मा पार्षद

परिषद के कर्मचारी व भ्रष्टाचारियों की पोल खोली और कई कामों की जानकारी की पूछताछ की गई जो संशोधन होके टी एस नहीं आई है उसका यह भुगतान कर चुके हैं वही वाटर बॉडी का 75 लाख रुपए का काम चल रहा है उसकी टीएस मांगी गई तो उन्होंने रिटायरमेंट आदित्यनाथ के साइन करा हुआ नक्शा दिखा दिया और कहने लगे कि टी एस जैसी कोई चीज नहीं होती है इसी को लेकर इंजीनियर मुझसे ही गाली गलौज अभद्रता करने लगे उसके बाद में मैंने भी कुछ कठूक शब्द कह डाले किसी भी काम की जानकारी और भ्रष्टाचारी रोकने का मेरा अधिकार है।

## प्याज-लहसुन की फसल में सूक्ष्म पोषक तत्व, जैव उर्वरक व संतुलित उर्वरक डालें

सीहोर,(निप्र)। रबी मौसम में प्याज व लहसुन की उन्नत किस्मों का चयन करें, बीजोपचार कर प्याज का रोपा डालें एवं लहसुन की बुवाई शीघ्र पूर्ण करें। प्याज व लहसुन की फसल में संतुलित मात्रा में उर्वरकों का उपयोग करें। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि प्याज की उन्नत किस्में, बीज दर, नर्सरी प्रबंधन प्याज की उन्नत किस्में एग्री फाउंड रेड, भीमा रेड, भीमा श्वेता, भीमा शुभ्रा हैं। बीज 10 किग्रा प्रति हैक्टेयर की दर से उपयोग करें। नर्सरी डालने के लिए 01 मीटर चौड़ी, 15-20 सेमी ऊंची एवं 8-10 मीटर लम्बी क्यारियां बनाएं। क्यारियों के बीच दूरी 30 सेमी रखें। बीज को नर्सरी में बुवाई पूर्व फफूंदनाशक दवा कार्बेन्डाजिम मैन्कोजेब 2 ग्राम प्रति किलो बीज की दर से उपचारित करें। पौध पीली पड़ने की स्थिति में एनपीके उर्वरक 19¬19¬19 की मात्रा 5 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करें। कृषि वैज्ञानिक ने बताया कि कृषि प्याज की फसल में खाद-उर्वरक, खरपतवार नियंत्रण, सिंचाई प्रबंधन रोपण के समय डीएपी की मात्रा 110 किग्रा व यूरिया की मात्रा 120 किग्रा प्रति हैक्टेयर की दर से उपयोग करें। डीएपी की पूरी मात्रा व नत्रजन की एक तिहाई मात्रा रोपाई के समय दें। शेष दो तिहाई मात्रा को दो बराबर भागों में बांटकर रोपाई के 30 दिन व 45 दिन के बाद करें।

## सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविर प्रारंभ

सीहोर,(निप्र)। जिले की समस्त ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री जनकल्याण शिविरों का आयोजन 11 दिसम्बर से प्रारंभ हो गया है। इस अभियान का उद्देश्य भारत सरकार एवं राज्य सरकार की हितग्राही मूलक योजनाओं की 63 सेवाओं का चिन्हांकन कर शिविरों के माध्यम से हितलाभ प्रदान किया जाना हैं। केन्द्र एवं राज्य सरकार की 45 हितग्राही योजनाओं की 63 सेवाओं का आमजनों को अधिक से अधिक लाभान्वित कराने के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने गत दिवस ही प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए सर्वे दल का गठन कर दिया है।

# मौसम को दृष्टिगत निमोनिया से बचाव एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य विभाग की सलाह



सीहोर (निप्र)। मौसम में बार-बार बदलओं को दृष्टिगत रखते हुए बढ़ सकती है निमोनिया की संभावना से बच्चों में निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं उसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी की गई है। निमोनिया के आकलन, निमोनिया का वर्गीकरण, खतरनाक लक्षणों के चिन्हों की पहचान, समुदाय आधारित निमोनिया का प्रबंधन, उपचार एवं रेफरल के संबंध में मैदानी कार्यकर्ताओं को जानकारी दी गई।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि बदलते मौसम में बच्चों को निमोनिया के लक्षणों की पहचान एवं एसके उपचार एवं प्रबंधन के लिए विभाग तैयार है। जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र की एएनएम को निमोनिया के संबंध जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि सर्दी के मौसम में बच्चों में निमोनिया के केसेस ज्यादा पाए जाते हैं। इसे देखते हुए मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को अवगत किया गया है। जिससे कि वह अपने क्षेत्र में निमोनिया के लक्षण वाले बच्चों की शीघ्र पहचान कर शीघ्र प्रबंधन कर सकें। निमोनिया से बचाव एवं जागरूकता के लिए विभाग द्वारा 29 फरवरी तक सांस अभियान संचालित किया जायेगा। निमोनिया फेफड़े का संक्रमण है। जिससे फेफड़ों में सूजन हो जाती है। निमोनिया होने पर बुखार खांसी और सांस लेने में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। तेज सांस चलना या छाती का धंसना निमोनिया के दो मुख्य चिन्ह है। प्रशिक्षण में शिशु रोग विशेषज्ञों द्वारा बच्चों में सांस की दर को गिनकर निमोनिया के लक्षणों की पहचान के संबंध में जानकारी दी गई।

बच्चों में सांस की गति का ठीक ढंग से आकलन करके निमोनिया को प्रारंभिक अवस्था में ही पहचाना जा सकता है। इसके लिए बच्चों की श्वास को एक मिनट तक निरंतर देखा जाता है। दो माह तक की उम्र के बच्चों की सांस लेने की दर एक मिनट में 60 या उससे अधिक होने पर, 2 माह से एक वर्ष तक की आयु में 50 या उससे अधिक एवं 1 वर्ष से 5 वर्ष तक के बच्चों में प्रति मिनट 40 या उससे अधिक सांस की दर होने पर निमोनिया होने की संभावना रहती है। 5 वर्ष तक के बच्चों में सर्वाधिक मृत्यु का कारण निमोनिया है। निमोनिया से बच्चों को सुरक्षित रखने के लिए टीकाकरण, छह माह तक सिर्फ स्तनपान और उसके बाद उचित पूरक आहार, विटामिन ए का सेवन, साबुन से हाथ धोना, घरेलू वायु प्रदूषण को कम करना आवश्यक है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com